DBS Live more, Bank less

# 5. Visa Virtual Debit Card और Visa International Debit Card के लिए नियम और शर्तें

## 5.1 Debit Card के नियम और शर्तें

ये नियम और शर्तें आपके Debit Card पर लागू होती हैं। Debit Card पर हस्ताक्षर करने या उसका उपयोग करने से पहले कृपया उन्हें ध्यान से पढ़ लें। जब आप इन नियमों और शर्तों को पढ़ते/ती हैं तो ध्यान रखें कि "आप", "आपका" और "कार्ड सदस्य" का अर्थ digibank ई-वॉलेट खाता या digiSavings रखने वाला व्यक्ति है। "हम", "हमारा", "हमें" और "बैंक" शब्द DBS Bank India Limited और उसके उत्तराधिकारियों और निर्दिष्ट किए गए लोगों को संदर्भित करते हैं।

## 5.2 शर्तों की प्रयोजनीयता

इसमें निहित नियम और शर्तें आपके और DBS Bank India Limited के बीच एक अनुबंध गठित करती हैं। यह माना जाएगा कि, एक खाता या digiSavings खोलकर, आपने इन नियमों और शर्तों को बिना शर्त के स्वीकार कर लिया है और प्रासंगिक RBI Regulations, Exchange Control regulations of Reserve Bank of India ("RBI"), Foreign Exchange Management Act 1999, जैसा कि समय-समय पर संशोधित या प्रतिस्थापित किया जा सकता है, और उसके तहत बनाए गए सभी नियमों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व स्वीकार कर लिया है।

ये नियम और शर्तें digibank ई-वॉलेट या digiSavings से संबंधित नियमों और शर्तों के अतिरिक्त होंगी और उनकेअल्पीकरण में नहीं होंगी। Debit Card से संबंधित किसी भी सेवा/सुविधा का उपयोग करते समय आप हर समय ऐसी सेवाओं/सुविधाओं के लिए DBS Bank India Limited द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों और शर्तों से बँधे रहेंगे।

## 5.3 परिभाषाएँ

जब तक अन्यथा निर्धारित न किया गया हो, निम्नलिखित शब्दावली का अर्थ नीचे दिए गए अनुसार होगा। एकवचन को दर्शाने वाले शब्दों में बहुवचन और इसका विपरीत शामिल हैं; पुर्लिंग को दर्शाने वाले शब्दों में स्त्रीलिंग या नपुंसक लिंग और इसका विपरीत शामिल हैं; व्यक्तियों के संदर्भों को एक व्यक्ति, कंपनी या ट्रस्ट के संदर्भ के रूप में, जैसा कि संदर्भ की आवश्यकता हो और इसका विपरीत, अर्थ लगाया जाना चाहिए। परिच्छेद और अन्य उसी तरह के शीर्षक संदर्भ की आसानी के लिए हैं और इस में किसी भी प्रावधान की व्याख्या को प्रभावित नहीं करेंगे। इस अनुबंध में, जब तक कि अन्यथा अपेक्षित न हो:

a. "खाता" का अर्थ है और इसमें शामिल है digibank ई-वॉलेट और digiSavings या उनमें से कोई भी।

b. "ATM" का अर्थ है एक स्वचालित टेलर मशीन या कार्ड संचालित मशीन या डिवाइस, चाहे वह हमारा हो या किसी साझा किए गए नेटवर्क पर किसी अन्य बैंक का हो, आप हमारे पास रखे अपने खाते/खातों में रखे अपने पैसे तक पहुँच के लिए अपने Visa International Debit Card का उपयोग लिए कर सकते/ती हैं।
c. "ATM लिमिट" का अर्थ है सभी नकदी आहरणों और/या किसी अन्य लेनदेन के लिए बैंक द्वारा निर्धारित अधिकतम अनुमत सीमा जिसे आप किसी एक दिन या प्रति लेनदेन में ATM के माध्यम से अमल में ला सकते/ती हैं।
d. "कार्ड ट्रांजेक्शन" का अर्थ है हस्ताक्षर या PIN या किसी भी अन्य तरीके से Debit Card के उपयोग के माध्यम से या से किन्हीं भी माल, सेवाओं और/या अन्य लाभों के लिए किया गया कोई भुगतान या कोई राशि, इस बात की परवाह किए बिना कि बिक्री ड्राफ्ट या अन्य वाउचर या फॉर्म पर आपके द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं और कि क्या प्राधिकृति हमारे द्वारा माँगी गई है।
e. "कार्ड-नॉट-प्रेजेंट ट्रांजैक्शन" का अर्थ है एक मरचेंट वातावरण में अमल में लाया गया लेनदेन जहाँ उपयोग के समय कार्ड सदस्य और कार्ड भौतिक रूप से मौजूद नहीं हैं। टिपिकल कार्ड-नॉट-प्रेजेंट ट्रांजैक्शन्स में इंटरनेट-आधारित लेनदेन, मेल, टेलीफोन या फैकसिमाइल आदेश या आरक्षण या आवर्ती भुगतान शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। Visa Virtual Debit Card के लिए सभी लेन-देन कार्ड-नॉट-प्रेजेंट लेनदेन होंगे।
f. "digiSavings" हमारे द्वारा Debit Card के उपयोग के माध्यम से संचालन के लिए योग्य खाते के रूप में निर्दिष्ट किए गए और/या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के माध्यम से आपके द्वारा एक्सेस किए गए बचत खाते को संदर्भित करता है।
g. "digibank ऐप" का अर्थ मोबाइल उपकरणों के लिए एक एप्लिकेशन है जिसे आपके द्वारा निर्दिष्ट स्थान या एप्लिकेशन स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।
h. "digibank ई-वॉलेट या digibank ई-वॉलेट खाता" का मतलब digibank द्वारा digibank ऐप के माध्यम से पेश किया गया उत्पाद है और यह एक सेमी क्लोज्ड प्रीपेड भुगतान इंस्ट्रुमेंट (ब्याज रहित) है जिसका उपयोग आप के द्वारा अपने मोबाइल फोन पर या किसी अन्य अनुमत डिवाइस पर एक वॉलेट के रूप में किया जा सकता है।
i. "इलेक्ट्रॉनिक सेवाएँ" का अर्थ किसी भी बैंकिंग और अन्य सेवाओं या सुविधाओं से है जो हम और/या कोई प्रतिभागी आपको समय-समय पर उपलब्ध करा सकते हैं और ये इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के माध्यम से पेश की जाती हैं, जिसमें किसी भी कार्ड, इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटरीकृत या दूरसंचार उपकरण या भारत में या इसके बाहर खातों को परिचालित करने के तरीके, और जहाँ संदर्भ की आवश्यकता हो, वहाँ इसका अर्थ इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं तक पहुँच के लिए उपयोग किया जाने वाला कोई PIN और/या कार्ड भी शामिल हैं।
j. "GST" का अर्थ है कोई भी वस्तु और सेवा कर, जिसमें समान प्रकृति का कोई भी कर शामिल है जो इसे प्रतिस्थापित कर सकता है या जिसे इसके अतिरिक्त वसूल किया जा सकता है, चाहे किसी भी नाम से पुकारा जाए।
k. "सूचना" का अर्थ है आपसे, या किसी प्रयोक्ता से, या खाते या किसी लेन-देन से संबंधित धन या अन्य प्रासंगिक विवरणों के बारे में जानकारी।

l. "अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन" भारत, नेपाल और भूटान के बाहर Debit Card के माध्यम से आपके द्वारा किए गए लेनदेनों को संदर्भित करता है।

m. "मर्चेंट" का अर्थ है कोई भी व्यक्ति, फर्म या कॉर्पोरेशन जो बैंक के साथ कोई समझौता करता है, या Master Card International, Visa International का कोई सदस्य या लाइसेंसधारी, या ऐसे व्यक्ति को भुगतान में कार्ड के उपयोग और/या स्वीकृति से संबंधित कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक सेवा प्रदाता, चाहे वह माल, सेवाओं के लिए हो अथवा प्रदान किए गए या खर्च किए गए शुल्क के लिए हो।

n. "प्रतिभागी" का अर्थ भारत में या अन्यथा किसी भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी या संगठन से है, जो समय-समय पर कार्ड के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक सेवाएँ या कोई माल और सेवाएँ प्रदान करने में, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, भाग लेता है या शामिल होता है।

o. "PIN" का अर्थ है कार्ड के उपयोग और/या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं तक पहुँच के संबंध में digibank ऐप में प्रयोक्ता द्वारा जनित PIN।

p. "प्वाइंट ऑफ सेल/POS" लेनदेन का अर्थ है मर्चेंट के प्वाइंट ऑफ सेल टर्मिनलों पर आरंभ किए गए लेनदेन।

q. "व्यय सीमा" का अर्थ है एक दिन में अमल किए गए कुल कार्ड लेनदेनों के संबंध में हमारे द्वारा निर्धारित की गई अधिकतम अनुमत सीमा।

r. "नियम और शर्तें" का अर्थ हमारे द्वारा यथा संशोधित या पूरक किए गए इन नियमों और शर्तों से है।

s. "लेनदेन" का अर्थ है आपके द्वारा कार्ड और/या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के माध्यम से अमल में लाया गया या जारी किया गया या अमल में लाए जाने या जारी किए जाने के आशय का कोई भी लेनदेन या निर्देश।

t. "प्रयोक्ता" का अर्थ है आप।

## 5.4 इंटरनेट पर Visa Virtual Debit Card के उपयोग के लिए नियम और शर्तें

a. आपके digibank ई-वॉलेट या digiSavings खाते पर, जैसा कि आपने दिया है, Visa Virtual Debit Card निर्देशों के माध्यम से ऑनलाइन लेनदेन करने के आपके अनुरोध पर, आप हमारे द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं से सहमत हैं और उन्हें स्वीकार करते/ती हैं। आप एतद्द्वारा यह उत्तरदायित्व लेते/ती हैं कि आप Debit Card के अनधिकृत और अवैध उपयोग और अपने digibank ई-वॉलेट या digiSavings खाते/खातों तक अनधिकृत पहुँच को रोकने के लिए सभी आवश्यक सावधानियाँ बरतेंगे/गी।

b. आपको किसी भी तरह की कोई आपत्ति नहीं है, कि आपके बिलिंग विवरण हमें उन मरचेंट्स द्वारा प्रदान किए जाते हैं जिन्हें आप digibank सेवाओं का उपयोग करके भुगतान करते/ती हैं।

c. Visa Virtual Debit Card का उपयोग आपके द्वारा भारत में सभी इंटरनेट वेबसाइटों पर किया जा सकता है (जब तक कि DBS Bank द्वारा अन्यथा निर्दिष्ट नहीं किया जाता है) जो बैंक/Visa/MasterCard/और/या साझा किए गए किसी अन्य नेटवर्क और/या एजेंसियों के लोगो को प्रदर्शित करते जो कि DBS Bank द्वारा समय-समय पर मान्य किए जा सकते हैं और जिसके पास भारत में इंटरनेट वेबसाइटों के माध्यम से खरीदारी के लिए माल या सेवाएँ पेश करने की सुविधा हो।

d. आप सहमत हैं कि वैध Visa Virtual Debit Card का अर्थ एक Debit Card होगा जो वर्तमान में सिस्टम पर सक्रिय है और जिसे अवरुद्ध या हॉट लिस्टेड नहीं किया गया है। यदि कोई Debit Card को हॉट लिस्टेड या अवरुद्ध कर दिया जाता है, तो आप तत्काल प्रभाव से कोई भी लेनदेन नहीं कर पाएँगे/गी।

e. आप शेष राशि (बैलेंस) की उपलब्धता और धनराशि और भुगतान विवरणों की सटीकता की सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे/गी।

f. आप सहमत हैं कि आप वह भुगतान करेंगे/गी जो मर्चेंट द्वारा आवश्यक है। ग़लत या अधूरी प्रविष्टियों के कारण या किसी भी अन्य कारण से भुगतान राशि को अस्वीकार करने वाले मरचेंट के लिए आप हमें उत्तरदायी नहीं ठहराएँगे/गी। आप सहमत हैं कि दिए गए निर्देशों और हमारे साथ लेन-देन का रिकॉर्ड सभी प्रयोजनों के लिए निर्णायक साक्ष्य और बाध्यकारी होगा और किसी भी कार्यवाही में निर्णायक साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

g. आप समझते/ती हैं और स्वीकार करते/ती हैं कि केवल वे वेबसाइटें/मरचेंट्स ही जो mVisa/Bharat QR के माध्यम से भुगतान स्वीकार करते हैं या जो 3D सिक्यूर या 2 सरा फैक्टर अधिप्रमाणन की पेशकश करते हैं, Visa Virtual Debit Card के माध्यम से किए गए लेनदेन की अनुमति देंगे। आप यह भी समझते/ती हैं और सहमत हैं कि साझा नेटवर्क भिन्न-भिन्न कार्यात्मकताएँ और सेवा प्रस्ताव प्रदान कर सकते हैं जिसके लिए आपको ऑनलाइन लेनदेन को पूरा करने के लिए कुछ अतिरिक्त विवरण प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है।

h. आप सहमत हैं कि साझा नेटवर्क द्वारा उक्त कार्यात्मकताओं और सेवा प्रस्तावों को एक अतिरिक्त लोगो/ट्रेडमार्क/प्रतीक प्रदर्शित करके मरचेंट की इंटरनेट वेबसाइट पर विज्ञापित किया जाएगा।

i. आप सहमत हैं कि किसी इंटरनेट खरीदारी के लिए Visa Virtual Debit Card का उपयोग करने के उद्देश्य से, आप कार्ड नंबर, कार्ड सत्यापन मूल्य (CVV) सुरक्षा अंक, Debit Card की समाप्ति तिथि और एक वन टाइम PIN (OTP) प्रदान करेंगे/गी जिसे हमारे पास पंजीकृत आपके मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। आप सहमत हैं कि mVisa/Bharat QR का उपयोग करके अपने मर्चेंट को भुगतान करने के लिए Visa Virtual Debit Card का उपयोग करने के उद्देश्य से, आप अपने digibank ऐप में लॉग इन करेंगे/गी, प्रासंगिक त्वरित प्रतिक्रिया (QR) कोड को स्कैन करेंगे/गी और अपने सॉफ्ट टोकन ID का उपयोग करके अधिप्रमाणित करेंगे/गी।

j. आप सहमत हैं कि जब तक (i) आप इंटरनेट वेबसाइट में सत्यापन फ़ील्ड में पूर्ण और सही डेटा/सूचना दर्ज नहीं करते/ती हैं या (ii) आप अपने मर्चेंट के QR code को सही तरीके से स्कैन नहीं करते/ती हैं, तब तक आप अपने Visa Virtual Debit Card का उपयोग करके भुगतान नहीं कर पाएँगे/गी।

k. यदि आप किसी त्रुटि के कारण या सहमत मर्चेंडाइज रिटर्न के कारण किसी पूर्ण किए गए लेनदेन को रद्द करना चाहते/ती हैं, तो मरचेंट के साथ किए गए पहले के लेनदेन को रद्द अवश्य किया जाना चाहिए और रद्द की गई रसीद की पुष्टि आपके पास रखी होनी चाहिए।

l. ऐसे लेन-देनों के कारण डेबिट्स के रिवर्सल/रिफंड को मैन्युअल रूप से संसाधित किया जाएगा और, यदि माँगी जाती है, तो रद्द की गई रसीद की पुष्टि आपके द्वारा प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता होगी।

m. आप सहमत हैं कि माल या सेवाओं की नॉन-डिलीवरी/माल या सेवाओं के रिजेक्शन के कारण सभी रिफंड केवल संबंधित मरचेंट के अनुरोध पर ही किए जाएँगे। रिफंड की स्थिति में, हम लेन-देन को संसाधित करने के लिए आप पर लगाए गए भुगतान प्रसंस्करण चार्जेज, यदि कोई हों, रिफंड नहीं करेंगे।
n. आप सहमत हैं कि इन नियमों और शर्तों में कहीं भी निहित किसी भी चीज़ पर बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले, (i) किसी भी माल या आपूर्ति की गई सेवाओं में किसी भी दोष; (ii) किसी मर्चेंट के Visa Virtual Debit Card के माध्यम से भुगतान का सम्मान करने या उसे स्वीकार करने से इनकार करने; (iii) किसी कंप्यूटर टर्मिनल की खराबी, किसी विलंब/तकनीकी विफलताओं; (iv) आपके या किसी तीसरे पक्षकार द्वारा किसी अनधिकृत व्यक्ति को आपके खाते के एक्सेस विवरण को साझा करने; (v) आपके द्वारा हमें बताए गए किसी भी विवरण में कोई मिथ्या-कथन, मिथ्या-प्रस्तुति, त्रुटि या चूक; या (vi) संबंधित मरचेंट (मरचेंट्स) द्वारा भुगतान की जाने वाली आवश्यक राशि और आपके द्वारा दिए गए निर्देशों के बीच कोई विसंगति; या (vii) QR code को स्कैन करने में आपके मोबाइल डिवाइस की अक्षमता; या (viii) रद्दीकरण/रिफंड के अनुरोध करने में मरचेंट की विफलता के कारण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्पन्न होली वाली किसी भी हानि या क्षति के संबंध में, आपके प्रति हमारा कोई दायित्व नहीं होगा।
o. आप सहमत हैं कि हम ऐसे किसी भी लेन-देन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे जो आपने इंटरनेट वेबसाइटों के माध्यम से किए होंगे, जिसमें माल और सेवाओं की आपूर्ति शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। आपके द्वारा यह स्पष्ट रूप से समझ लिया जाना चाहिए कि यह Debit Card सुविधा विशुद्ध रूप से माल खरीदने और/या सेवाओं का उपयोग करने हेतु आपके लिए सुविधा है, और हम वाणिज्य वस्तु की गुणवत्ता, डिलीवरी या अन्यथा के बारे में कोई वारंटी नहीं देते हैं या कोई प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।
p. आप सहमत हैं कि इन कारणों से कि इंटरनेट वेबसाइट ऑनलाइन लेनदेनों को पूरा करने के लिए हमारे और/या साझा किए गए नेटवर्क द्वारा आवश्यक सभी विवरणों को स्वीकार करने में सक्षम नहीं है, उक्त लेनदेन को पूर्ण नहीं माना जाएगा और ऐसे मामले में किसी भी अपूर्ण/असंसाधित/अस्वीकृत लेनदेन के लिए हमें उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा।
q. आप सहमत हैं कि ऑनलाइन खरीदारी कार्यवाही के पूरा होने पर, जिस राशि के लिए आप ऑनलाइन खरीदारी करते/ती हैं, वह तुरंत Debit Card से जुड़े digibank ई-वॉलेट या digiSavings खाते (जैसी भी स्थिति हो) से डेबिट कर दी जाएगी।
r. आप सहमत हैं कि आपके द्वारा खरीदी गई किसी भी वस्तु की डिलीवरी या डिलीवरी के समय वस्तु की स्थिति के लिए हमें उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। हमारी भूमिका केवल सूचना और भुगतान सेवाओं के प्रावधान तक ही सीमित है। माल की डिलीवरी/स्थिति के बारे में सभी विवादों को सीधे संबंधित मरचेंट के साथ उठाया जाना है। मर्चेंडाइज, मर्चेंडाइज वारंटी या खरीदी गई सेवाओं, या मर्चेंट प्रतिष्ठानों से आपके द्वारा प्राप्त की गई सेवाओं के लिए हम किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होंगे, जिसमें डिलीवरी में विलंब, नॉन-डिलीवरी, माल की गैर-प्राप्ति या दोषपूर्ण माल की प्राप्ति शामिल हैं।
s. आप सहमत हैं कि यदि इंटरनेट वेबसाइट के माध्यम से किए गए किसी भी लेन-देन के संबंध में आपको कोई शिकायत होगी, तो मामले का समाधान आपके द्वारा संबंधित मरचेंट के साथ किया जाएगा और ऐसा करने में विफलता आपको हमारे प्रति किसी भी दायित्व से मुक्त नहीं करेगी। हम किसी भी इंटरनेट वेबसाइट द्वारा लगाए गए किसी भी अधिभार और उसे लेनदेन की राशि को आपके खाते से डेबिट किए जाने के लिए

कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करते हैं। आप अपने Debit Card से संबंधित कार्ड, ATM PIN और अन्य विवरणों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए हर समय सभी उचित कदम उठाएँगे/गी, इस में वे भी शामिल हैं जिनका उल्लेख यहाँ किया गया है।

t. आप सहमत हैं कि मरचेंडाइज के बारे में किसी भी विवाद या दावे का समाधान आपको मर्चेंट के साथ ही अवश्य करना होगा। किसी भी दावे या विवाद का अस्तित्व आपको सभी शुल्कों का भुगतान करने के अपने दायित्व से मुक्त नहीं करेगा और आप किसी भी विवाद या दावे के बावजूद, ऐसे शुल्कों का तुरंत भुगतान करने के लिए सहमत हैं।

u. किसी भी विवाद की स्थिति में, हम किसी भी मर्चेंट/मास्टर मरचेंट को अस्थायी या स्थायी रूप से निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। इस अवधि के दौरान, ऐसे सभी निलंबित मरचेंट्स के लिए Debit Card की सुविधा काम नहीं करेगी।

v. हम किसी भी समय, इन नियमों और शर्तों, आपको पेशकश की गई सुविधाओं और लाभों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, जिसमें. बिना किसी सीमा के, ऐसे परिवर्तन शामिल हैं जो मौजूदा शेष राशियों (बैलेंसेस), ब्याज चार्जेज या दरों और गणना के तरीकों को प्रभावित करते हैं। आप सहमत हैं कि Debit Card सुविधा और संबंधित सेवाओं के लिए शुल्क, यदि कोई हों, एकमात्र हमारे विवेकाधिकार पर होंगे और समय-समय पर उनमें घटबढ़ करने की स्वतंत्रता होगी। हम सभी संशोधित नियमों और शर्तों को अपनी वेबसाइट www.dbs.com/digibank/in/terms-and-conditions.html पर होस्ट करके, या बैंक द्वारा तय किए गए किसी अन्य तरीके से सूचित करेंगे। आप इन संशोधित शर्तों के तहत खर्च किए गए सभी चार्जेज और अन्य सभी दायित्वों के लिए उत्तरदायी होंगे/गी। आप इन नियमों और शर्तों की नियमित रूप से समीक्षा करने के लिए उत्तरदायी होंगे, जिसमें इनमें किए गए वे संशोधन शामिल हैं, जो वेबसाइट पर पोस्ट किए जा सकते हैं और यह माना जाएगा कि डायरेक्ट डेबिट सुविधा का उपयोग जारी रख कर संशोधित नियम और शर्तों को स्वीकार कर लिया है।

w. हमारे द्वारा उपलब्ध कराए गए उत्पादों/सेवाओं के संबंध में, हम एकमात्र अपने विवेकाधिकार पर, अपेक्षानुसार या आवश्यकतानुसार, बाह्य सेवा प्रदाता/ओं या एजेंट/टों की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

x. आप सहमत हैं कि हम अपने विवेक से किसी भी या सभी खाते (खातों) के संबंध में किसी भी समय बिना कोई कारण बताए, आपको कोई नोटिस दिए बिना, Debit Card सुविधा, या यहाँ प्रदान की गई किसी भी सेवा को वापस ले लेंगे।

y. आप सहमत हैं कि आप किसी भी मेल ऑर्डर/फोन ऑर्डर की खरीदारी के लिए Visa Virtual Debit Card सुविधा/सेवाओं का उपयोग नहीं करेंगे/गी और इस तरह के किसी भी उपयोग को अनधिकृत माना जाएगा और आप ही पूरी तरह से उत्तरदायी होंगे/गी।

### 5.5 इलेक्ट्रॉनिक सेवाएँ

Visa Virtual Debit Card केवल भारत में वेबसाइटों के माध्यम से ही इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन को सुगम बना सकता है।

### 5.6 Visa Virtual Debit Card का उपयोग

इस Visa Virtual Debit Card का उपयोग केवल घरेलू लेनदेन करने के लिए ही किया जा सकता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि कार्ड नॉट प्रेजेंट ट्रांजैक्शन्स जैसे कि mVisa/Bharat QR का उपयोग करके मर्चेंट भुगतान और घरेलू वेबसाइटों पर भुगतान ही केवल किए जा सकते हैं।

## 5.7 खर्च की सीमा

### 5.7.1 घरेलू खर्च की सीमा

digibank ई-वॉलेट खाता:

आपके digibank ई-वॉलेट खाते में शेष राशि (बैलेंस) की उपलब्धता के अधीन, Visa Virtual Debit Card के मामले में प्रति दिन खर्च की सीमा रु. 10,000/- और मासिक खर्च सीमा रु. 10,000/- या ऐसी राशि जो समय-समय पर बैंक द्वारा निर्धारित की जाए, घरेलू लेनदेन के लिए आपके Debit Card के उपयोग के लिए नियत की जाएगी। आपके digibank ई-वॉलेट खाते पर Visa Virtual Debit Card के मामले में सीमा रु. 10,000 प्रति लेनदेन। खर्च की सीमा सभी कार्ड नॉट प्रेजेंट लेनदेनों (इंटरनेट खरीदारियों सहित) पर और/या अन्य इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं, यदि और जब भी आरंभ की जाती हैं, का उपयोग करने के लिए लागू होगी।

OTP-आधारित eKYC प्रक्रिया या बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन का उपयोग करके खोला गया digiSavings खाता:

OTP-आधारित eKYC प्रक्रिया या बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन का उपयोग करके खोले गए आपके digiSavings खाते में शेष राशि (बैलेंस) की उपलब्धता के अधीन, प्रति दिन खर्च की सीमा रु. 1,00,000, या ऐसी राशि जो समय-समय पर बैंक द्वारा निर्धारित की जा सकती है, आपके Debit Card के उपयोग के लिए नियत की जाएगी। खर्च की सीमा सभी पॉइंट ऑफ़ सेल और/या कार्ड नॉट प्रेजेंट लेनदेनों (इंटरनेट खरीदारी सहित) पर और/या अन्य इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं, यदि और जब भी आरंभ की जाती हैं, का उपयोग करने के लिए लागू होगी। हम अलग-अलग ग्राहकों के लिए अलग-अलग खर्च की सीमा नियत करने की अनुमति दे सकते हैं।

यदि आप अपने digiSavings खाते में Visa Virtual Debit Card रखते/ती हैं, तो आप केवल घरेलू कार्ड नॉट प्रेजेंट ट्रांजैक्शन (इंटरनेट खरीद सहित) के लिए अपने कार्ड का उपयोग कर सकते/ती हैं। OTP-आधारित eKYC प्रक्रिया का उपयोग करके खोले गए आपके digiSavings खाते पर Visa Virtual Debit Card की स्थिति में सीमा रु. 1,00,000 प्रति दिन है।

यदि आप अपने digiSavings खाते में एक भौतिक Visa International Debit Card रखते/ती हैं, तो आपको ATM सीमा तक आपके खाते में शेष राशि (बैलेंस) की उपलब्धता के अधीन नकदी आहरण करने की अनुमति होगी। यदि ATM की सीमा या उपलब्ध शेष राशि (बैलेंस) पार हो जाती है, तो आपको किसी भी नकद आहरण या किसी भी अन्य लेनदेन को अमल में लाने हेतु अपने Debit Card का उपयोग या उपयोग करने का प्रयास अवश्य नहीं करना चाहिए। आपके digiSavings में पर्याप्त शेष राशि (बैलेंस) सुनिश्चित करने का दायित्व पूर्णतः आप पर है। आप ATM से प्रतिदिन रु. 25,000 आहरण करने और POS लेनदेन की सीमा प्रति दिन रु. 1,00,000 के लिए अपने Visa International Debit Card का उपयोग कर सकते/ती हैं।

### 5.7.2 अंतर्राष्ट्रीय खर्च सीमा

आप भारत के बाहर (नेपाल और भूटान को छोड़ कर) ATM से प्रतिदिन रु. 25,000 आहरण करने और POS लेनदेन की सीमा प्रति दिन रु. 25,000 के लिए अपने Visa International Debit Card का उपयोग कर सकते/ती हैं।

5.7.3 चार्जेज खर्च की सीमा से अधिक न हों

आप किसी Visa Virtual Debit Card लेन-देन को केवल तभी कर सकते/ती हैं, जब आपके digibank ई-वॉलेट या digiSavings खाते में ऐसे लेनदेन को कवर करने के लिए पर्याप्त धनराशि हो और किए गए कुल खर्च किए गए चार्जेज खर्च सीमा से अधिक न हों। आप ऐसे किसी भी Visa Virtual Debit Card लेनदेन को अमल में नहीं लाएँगे/गी या लाने का प्रयास नहीं करेंगे/गी जिसके परिणामस्वरूप आपकी खर्च सीमा पार हो जाएगी। हम ऐसे किसी भी लेन-देन को प्राधिकृत करने से भी इनकार कर सकते हैं जिसे आप अमल में लाने चाहते/ती हैं, भले ही इस तरह के लेन-देन के कारण आपकी खर्च सीमा पार नहीं होगी।

## 5.8 हमें अधिसूचित करने का कर्तव्य

यदि (a) Debit Card का उपयोग किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किया जाता है या (b) कोई अन्य घटना होती है, जो इन नियमों और शर्तों के तहत हमें Debit Card या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के उपयोग को निलंबित या रद्द करने की अनुमति देती है, तो आपको हमें तुरंत अधिसूचित अवश्य करना चाहिए।

आप digibank ऐप से Debit Card को हॉटलिस्ट करके या 18602103456 पर हमारी 24 घंटे ग्राहक सेवा हॉटलाइन पर कॉल करके या अपने निकटतम DBS Bank शाखा में शाखा के कार्य दिवसों में कार्य घंटों के दौरान जाकर हमें लिखित रूप में या ऐसे अन्य तरीकों से जो बैंक को स्वीकार्य हो सकते हैं, अधिसूचित करके मोबाइल के गुम/चोरी होने या अनधिकृत उपयोग के बारे में हमें अधिसूचित कर सकते/ती हैं।

## 5.9 digiSavings के लिए Visa International Debit Card के उपयोग के लिए नियम और शर्तें ("नियम और शर्तें")

5.9.1 अपने Debit Card को जानें

आपका Visa International Debit Card एक भौतिक Debit Card है। एक बार जब आप digibank ऐप में Debit Card के लिए अनुरोध करते/ती हैं, तो आपके पास हमारे रिकॉर्ड पर आपके वर्तमान पते या अपने Debit Card की डिलीवरी के लिए एक विकल्पी पता प्रदान करने के बीच चयन करने का विकल्प होगा। आप अपने Debit Card की डिलीवरी के लिए जिस पते को चुनते/ती हैं वह ऐसे किसी भी शहरों के भीतर होगा जहाँ DBS शाखाएँ स्थित हैं। आप यह सुनिश्चित करेंगे/गी कि यह एक सीलबंद लिफाफे में प्राप्त होता है। यदि आप Debit Card प्राप्त करने में असफल रहते/ती हैं तो हम ऐसी किसी भी हानि या क्षति के लिए हम उत्तरदायी नहीं हैं जो आपको भुगतनी पड़ सकती है।

5.9.2 सक्रियण

Visa International Debit Card को सक्रिय करने के लिए, आपको digibank ऐप पर एक व्यक्तिगत पहचान संख्या (PIN) जेनरेट करनी होगी। यह PIN ATM और POS पर आपके DBS Bank International Debit Card तक पहुँच को सक्षम बनाएगा। सुरक्षा कारणों से, Debit Card को सभी चैनलों में उपयोग के लिए 'निष्क्रिय' के रूप

में भेजा जा रहा है। आप समझते/ती हैं कि आपके द्वारा प्रदान किए गए Debit Card डिलीवरी पते के पुष्टिकरण के लिए आपके Visa International Debit Card के सक्रियण की आवश्यकता है। आपको अपने Visa International Debit Card के अनुरोध के नब्बे (90) दिनों के भीतर अपने Visa International Debit Card को सक्रिय करना चाहिए, जिसमें असफल रहने पर बैंक डेबिट और क्रेडिट लेनदेनों को अस्वीकार करते हुए आपके digiSavings खाते को ब्लॉक कर सकता है। आप स्वीकार करते/ती हैं और सहमति देते/ती हैं कि आप तब तक digiSavings खाते में कोई लेनदेन नहीं कर सकते/ती है जब तक कि आप अपना Visa International Debit Card सक्रिय नहीं करते/ती हैं।

आपके Visa International Debit Card के सक्रियण के पश्चात्, Visa Virtual Debit Card का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

5.9.3 उपयोग के दिशानिर्देश

आपका Debit Card अत्यंत बहुमुखी और उपयोग में आसान है। यह मर्चेंट आउटलेट्स पर खरीदारी करते समय क्रेडिट कार्ड की तरह ही काम करता है, मुख्य अंतर यह है कि लेनदेन की राशि सीधे DBS Bank के पास आपके खाते से डेबिट की जाती है। Debit Card एक ATM कार्ड के रूप में भी दोहरा हो जाता है, इस प्रकार आपको अलग ATM कार्ड ले जाने की आवश्यकता से बचाता है। आप भारत के बाहर ATM और POS लेनदेन के लिए कार्ड का उपयोग कर सकते/ती हैं।

5.9.4 Visa International Debit Card

आप स्वीकार करते/ती हैं, प्रतिनिधित्व करते/ती हैं और गारंटी देते/ती हैं कि आपके द्वारा चुना गया PIN आपके digiSavings तक पहुँच प्रदान करता है और आप PIN के उपयोग, गोपनीयता और संरक्षण के लिए, और साथ ही ऐसे PIN का उपयोग करके digiSavings(s) में शुरू किए गए सभी आदेशों, सूचनाओं और चार्जेज के लिए एकमात्र उत्तरदायित्व स्वीकार करते/ती हैं। PIN की सुरक्षा बनाए रखने के लिए आप इसमें उल्लेख किए गए अनुसार हर समय सभी उचित कदम उठाएँगे/गी।

DBS Bank, किसी भी घटना (Debit Card के खो जाने/चोरी हो जाने) के बाद या अन्यथा अपने पूर्ण विवेक से विद्यमान भौतिक Debit Card पर एक नया PIN जारी कर सकता है और एक प्रतिस्थापन शुल्क ले सकता है। अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन के संबंध में RBI के दिशानिर्देशों और बैंक की आंतरिक नीति के अधीन, आप Debit Card और/या PIN के किसी भी अनुचित/कपटपूर्ण/अनधिकृत/डुप्लिकेट/ग़लत उपयोग की स्थिति में DBS Bank को उत्तरदायी नहीं ठहराएँगे/गी। Debit Card किसी तीसरे पक्षकार के हाथ में पड़ जाने या PIN किसी तीसरे पक्ष के संज्ञान में आ जाने के कारण, किसी तीसरे पक्षकार द्वारा Debit Card के उपयोग/दुरुपयोग से जुड़े किसी भी परिणाम के लिए भी DBS Bank उत्तरदायी नहीं होगा। यदि आपकी लापरवाही के कारण कोई तीसरा पक्षकार सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करता है, जिसमें digiSavings भी शामिल हैं, तो आप उत्तरदायी होंगे/गी और तीसरे पक्षकारों द्वारा इस तरह के या इससे संबंधित पहुँच और उपयोग या अन्यथा के आधार पर इस तरह के दुरुपयोग/उपयोग से उत्पन्न होने वाले किसी भी दायित्व, लागत या क्षतियों के लिए DBS Bank को क्षतिपूर्ति करेंगे/गी।

5.9.5 ATM का उपयोग

आप, भारत और विदेशों में Visa लोगो प्रदर्शित करने वाले किसी भी DBS Bank या Visa ATM पर, नियमित ATM कार्ड के रूप में नकदी आहरण करने और अन्य लेनदेन करने के लिए अपने Debit Card का उपयोग कर सकते/ती हैं। Visa का भारत में 43,000 से अधिक ATM और दुनिया भर में 1,000,000 से अधिक ATM का व्यापक नेटवर्क है, जो आपके DBS Bank International Debit Card से लिंक किए गए किसी भी खाते तक 24-घंटे सुविधाजनक पहुँच प्रदान करता है। भारत और दुनिया भर में सभी Visa ATMs की विस्तृत सूची के लिए, कृपया www.visa.com पर Visa वेबसाइट पर जाएँ।

आपके खाते में शेष राशि (बैलेंस) की उपलब्धता के अधीन, ATM के माध्यम से प्रति दिन नकद आहरण की सीमा समय-समय पर बैंक द्वारा निर्धारित की जाएगी और संदर्भ के लिए digibank ऐप में उपलब्ध होगी।

यदि आप किसी भी Visa ATM से नकदी आहरण करने में असमर्थ हैं, तो कम राशि में कुंजीयन करने का प्रयास करें (क्योंकि कुछ ATM में नकद संवितरण की सीमा होती है) या कुछ मिनटों के बाद प्रयास करें (क्योंकि हो सकता है कि नेटवर्क सर्वर डाउन हो)।

5.9.6 DBS Bank के ATM पर

भारत में किसी भी DBS Bank के ATM में आप (यह मानते हुए कि आपके पास digiSavings है जो आपके Debit Card से जुड़ा है):

a. अपनी digiSavings से नकदी आहरण पूरा कर सकते/ती हैं।
b. अपने digiSavings का अकाउंट बैलेंस चेक कर सकते/ती हैं।
c. मिनी खाता विवरण प्राप्त सकते/ती हैं।
d. digiSavings में नकदी/चेक जमा सकते/ती हैं।
e. बैंक में रखे गए आपके Debit Card से जुड़े खातों के बीच फंड ट्रांसफर सकते/ती हैं।
f. DBS Bank इंडिया नेटवर्क के भीतर तीसरे पक्षकार के खातों में फंड ट्रांसफर सकते/ती हैं।
g. अपना PIN बदल सकते/ती हैं।
h. वर्तमान में, भारत में DBS Bank के ATM पर सभी लेनदेन सम्मानसूचक हैं।

टिप्पणी: कृपया ध्यान दें कि अनिवासी खातों में फंड ट्रांसफर की अनुमति नहीं है।

5.9.7 गैर-DBS Bank ATMs पर

आप Visa ATM पर केवल अपनी digiSavings का नकद आहरण और शेष राशि (बैलेंस) पूछताछ के लेनदेन कर सकते/ती हैं। ध्यान दें कि 1 अगस्त 2018 से, प्रथम 10 मुफ्त लेनदेन (प्रति माह) के बाद सभी लेनदेन (गैर DBS Bank ATMs पर) दरों और शुल्कों के अनुसार लेनदेन चार्जेज/शुल्क के अधीन होंगे। भारत में गैर DBS Bank के ATMs से सभी आहरण आपके Debit Card खाते में शेष राशि (बैलेंस) की उपलब्धता और बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित सीमाओं के अधीन होंगे। कृपया ध्यान दें कि सभी ATMs में शेष राशि (बैलेंस) पूछताछ का विकल्प नहीं होता है।

## 5.10 Debit Card की विशेषताएँ:

5.10.1 पॉइंट ऑफ़ सेल (POS) लेनदेन

खरीदारी के लिए भारत में वीजा इलेक्ट्रॉन मर्चेंट के 4,25,000 और दुनिया भर में 2,40,00,000 से अधिक आउटलेट्स में से किसी पर भी अपने Visa International Debit Card का उपयोग करना आसान नहीं हो सकता था। अपने खरीदारी अनुभव को वास्तव में सुखद बनाने के लिए इन सरल, सुविधाजनक चरणों का पालन करें।

a. पॉइंट-ऑफ़-सेल मर्चेंट प्रतिष्ठान में Visa/Visa Tap to Pay चिह्न को देखें। मर्चेंट के पास एक इलेक्ट्रॉन पॉइंट-ऑफ-सेल कार्ड स्वाइपिंग टर्मिनल/Visa Tap to Pay सक्षम टर्मिनल अवश्य होना चाहिए।
b. आपनी खरीदारी करने के बाद अपना Debit Card प्रस्तुत करें।
c. प्राधिकृति के लिए किसी Visa इलेक्ट्रॉन डेटा कैप्चर टर्मिनल पर मर्चेंट द्वारा Debit Card को स्वाइप किया जाएगा। Visa Tap to Pay ट्रांजैक्शन की स्थिति में Debit Card ग्राहक द्वारा मर्चेंट Tap to Pay इनेबल्ड रीडर/टर्मिनल के निकट रखा/लहराया जाएगा।
d. Visa Tap to Pay Debit Card लेनदेन की स्थिति में, Tap to Pay सक्षम टर्मिनलों पर की गई, रु. 2,000 या ऐसी अन्य राशि तक जैसी कि अनुमति दी जा सकती है, आपको प्राधिकृति के लिए किसी PIN की आवश्यकता नहीं होगी। किसी अन्य POS लेनदेन की स्थिति में प्राधिकृति के लिए आपको अपना ATM PIN दर्ज करने की आवश्यकता होगी।
e. Visa Tap to Pay रीडर्स पर कितनी भी संख्या में लेनदेन को अमल में लाने के लिए आप अपने Debit Card का उपयोग कर सकते/ती हैं बशर्ते कि प्रत्येक Visa Tap to Pay लेनदेन का मूल्य रु. 2000 या ऐसी अन्य राशि जो आपको सूचना दिए बिना हमारे एकमात्र और पूर्ण विवेकाधिकार पर समय-समय पर हमारे द्वारा निर्धारित की जा सकती है, से अधिक न हो।
f. एक सफल प्राधिकृति के बाद, लेन-देन की गई राशि के लिए सबसे पहले आपके digiSavings पर एक रोक (होल्ड) रखी जाएगी। बाद में आपकी digiSavings को लेन-देन की गई राशि के लिए डेबिट कर दिया जाएगा।
g. एक बिक्री पर्ची तैयार की जाएगी।
h. यदि मर्चेंट द्वारा माँगी गई हो तो बिक्री पर्ची की जाँच करें और उस पर हस्ताक्षर करें। आपका हस्ताक्षर कार्ड के पिछले हिस्से से दिए गए हस्ताक्षर से मेल अवश्य खाना चाहिए।
i. सुनिश्चित करें कि आपका Debit Card आपको वापस कर दिया जाता है।
j. भविष्य के संदर्भ के लिए बिक्री पर्ची की अपनी प्रति को सुरक्षित रखें।
k. आपकी digiSavings में शेष राशि (बैलेंस) की उपलब्धता के अधीन, मर्चेंट आउटलेट्स पर आपके Debit Card के उपयोग के लिए एक ऐसी राशि की प्रतिदिन की सीमा निर्धारित की जाएगी जो समय-समय पर बैंक द्वारा निर्धारित की जा सकती है। जब किसी मरचेंट प्रतिष्ठान में Debit Card का उपयोग किया जाता है, तो खरीद की राशि हमेशा digiSavings से डेबिट की जाएगी।
l. ध्यान दें कि चूँकि Debit Card लेनदेन के लिए हस्ताक्षर/PIN का सत्यापन आवश्यक है, इसलिए खरीदारी के समय आपको अपने Debit Card के साथ उपस्थित होने की आवश्यकता होती है। मेल ऑर्डर और टेलीफोन ऑर्डर लेनदेन के लिए Debit Card का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

भारत और विदेशों में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर Visa International Debit Card केवल ऐसे सभी Visa समर्थित पॉइंट-ऑफ-सेल टर्मिनलों पर स्वीकार किया जाता है, जो Visa लोगो प्रदर्शित करते हैं। जब कभी भी मर्चेंट प्रतिष्ठानों

में प्वाइंट ऑफ सेल टर्मिनलों पर Debit Card का उपयोग किया जाता है, तो आपको अवश्य बिक्री पर्ची पर हस्ताक्षर करने चाहिए और बिक्री पर्ची की अपनी प्रति अपने पास रखनी चाहिए। हम बिक्री पर्ची की प्रतियाँ प्रस्तुत नहीं करेंगे। आपके द्वारा व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षरित नहीं की गई कोई भी बिक्री पर्ची लेकिन जिसे आपके द्वारा अधिकृत के रूप में साबित किया जा सकता है, आपकी देयता मानी जाएगी।

हम ऐसी किसी भी लेन देन के लिए कोई भी उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करेंगे जो मर्चेंट का आपके साथ हो सकता है, जिसमें प्राप्त या पेशकश की गई माल और सेवाओं की आपूर्ति शामिल है, लेकिन इतने तक ही सीमित नहीं है। यदि आपको किसी Visa समर्थित कार्ड मर्चेंट प्रतिष्ठान से संबंधित कोई शिकायत है, तो आप मर्चेंट प्रतिष्ठान के साथ मामले का समाधान करेंगे/गी और ऐसा करने में विफलता हमारे प्रति आपके किसी भी दायित्व से मुक्त नहीं करेगी। यदि Debit Card स्वाइप करने के बाद आप अपनी खरीदारी को रद्द करने और सामान स्वीकार नहीं करने का निर्णय लेते/ती हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि मरचेंट तुरंत लेनदेन को रद्द कर देता है और रद्दीकरण पर्ची आपको सौंप दी जाती है। इसके बाद किसी भी रद्दीकरण को प्राप्त करने वाले बैंक के माध्यम से मर्चेंट पर 'चार्जबैक' के रूप में भेजा जाएगा और इस प्रक्रिया को पूरा करने में आवश्यक समय लगेगा। राशि की पूर्ण/आंशिक वापसी की कोई गारंटी नहीं हो सकती है।

हम लेन-देन की राशि के साथ-साथ किसी भी मर्चेंट प्रतिष्ठान द्वारा लेन-देन के मूल्य/लागत से अधिक उगाहे गए और आपके खाते से डेबिट किए गए किन्हीं भी चार्जेज के लिए कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करते हैं।

माल/सेवाओं की खरीद करना और बाद में उनके रद्दीकरण के लिए क्रेडिट दो अलग-अलग लेनदेन हैं। रिफंड केवल आपकी digiSavings (रद्दीकरण चार्जेज को घटा कर) में जमा किया जाएगा, जब कभी भी यह मर्चेंट से प्राप्त होगा। यदि रद्दीकरण की दिनांक से 30 दिनों के भीतर क्रेडिट आपके digiSavings पर पोस्ट नहीं किया जाता है, तो आपको मर्चेंट से प्राप्त हुई रद्दीकरण पर्ची की एक प्रति के साथ हमें अवश्य सूचित करना चाहिए।

किसी भी मेल ऑर्डर/फोन खरीद के लिए Debit Card का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए और इस तरह के किसी भी उपयोग को अनधिकृत माना जाएगा और आप उससे उत्पन्न होने वाली या उससे संबंधित समस्त लागत और परिणामों के लिए उत्तरदायी होंगे/गी।

5.10.2 mVisa/Bharat QR

आप mVisa/Bharat QR सुविधा का उपयोग करके भारत में mVisa/Bharat QR मर्चेंट्स को भुगतान करने के लिए अपने Visa Virtual Debit Card और Visa International Debit Card का उपयोग कर सकते/ती हैं। आप स्वीकार करते/ती हैं कि mVisa/Bharat QR सुविधा का उपयोग करने के लिए आपको प्रासंगिक मर्चेंट के QR code को स्कैन करना पड़ेगा, जिसे आप भुगतान करना चाहते/ती हैं, और भुगतान विवरण सत्यापित करने के बाद भुगतान को अधिकृत करना पड़ेगा। आप सहमत हैं कि mVisa/Bharat QR लेनदेन के पूरा होने पर, जिस राशि के लिए आप मर्चेंट्स को भुगतान करते/ती हैं, वह आपके Debit Card से जुड़े digibank ई-वॉलेट या digiSavings खाते (जैसी भी स्थिति हो) से डेबिट कर दी जाएगी। यदि किसी लेन-देन पर ग्राहक द्वारा विवाद किया जा है, तो बैंक विवाद समाधान दिशानिर्देशों के अनुसार मर्चेंट एक्वायरर बैंक के साथ चार्जबैक उठाने की मानक प्रक्रिया का पालन करेगा और विवादित राशि को ग्राहक के खाते में जमा होने में कम से कम 45 दिन का समय लग सकता है।

## 5.11 अंतर्राष्ट्रीय उपयोग

आपका Debit Card भारत और विदेशों में DBS Bank के ATMs पर और Visa ATM पर स्वीकार किया जाता है। आपका Debit Card नेपाल और भूटान में विदेशी मुद्रा में भुगतान के लिए मान्य नहीं है।

कृपया ध्यान दें: अंतरराष्ट्रीय नकद आहरण लेनदेन की स्थिति में, लागू विनिमय दरें और शुल्क लगाए जाएँगे।

Debit Card का उपयोग समय-समय पर प्रचलित Exchange Control Regulations of the Reserve Bank of India (RBI) के अनुसार सख्ती से अवश्य होना चाहिए। ऐसा करने में आपकी विफलता की स्थिति में, आप Foreign Exchange Management Act 1999 (FEMA), जो कि समय-समय पर संशोधित किए और बदले जा सकते हैं, के तहत कार्रवाई के अधीन होंगे/गी और आपको या तो बैंक अथवा RBI के कहने पर Debit Card रखने से वंचित किया जा सकता है। आपके विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमों का पालन नहीं करने से उत्पन्न होने वाले किसी भी/सभी परिणामों से और उनके विरुद्ध आप हमें क्षतिपूर्ति (इन्डेम्निफाई) करेंगे/गी और हानिरहित रखेंगे/गी। विदेश में होने के दौरान Visa ATM से नकद आहरण के समय स्क्रीन पर खाता चयन के लिए 3 विकल्प दिखाई देंगे - 1) सेविंग्स 2) चेकिंग 3) क्रेडिट। कृपया "चेकिंग" विकल्प को चुनें, क्योंकि यह विकल्प Visa नेटवर्क पर पहुँचता है। कुछ देशों में आपको "क्रेडिट" विकल्प चुनना पड़ सकता है।

विदेशों में कुछ मर्चेंट प्रतिष्ठानों में (विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में), आपको क्रेडिट कार्ड के रूप में आपके Debit Card को स्वाइप करने के लिए कैशियर को कहना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कुछ देशों में "डेबिट" केवल स्थानीय नेटवर्क से जुड़ा होता है और हो सकता है कि लेनदेन को अस्वीकार किया जाए, क्योंकि यह Visa नेटवर्क तक नहीं पहुँचेगा। आपका Debit Card Debit Card के रूप में कार्य करता रहेगा।

## 5.12 आपके Debit Card के लाभ

### 5.12.1 बीमा

Visa International Debit Card गुम हुए कार्ड की देयता और व्यक्तिगत हवाई दुर्घटना कवर के साथ आता है।

#### 5.12.1.1 गुम हुए कार्ड की देयता कवर रु. 50,000 तक

यदि आपका DBS Bank International Debit Card गुम या चोरी हो जाता है तो आप कपटपूर्ण खरीद के लेनदेन से सुरक्षित हैं। यह कवर नौ (9) दिनों तक लागू रहेगा और उस दिन से पहले के दो (2) दिनों को कवर करेगा जिस दिन भारत में DBS Bank को कार्ड के गुम या चोरी होने की रिपोर्ट (हमारे DBS Bank ग्राहक सेवा नंबर 18602103456 पर कॉल करें) या Visa ग्लोबल असिस्टेंस हेल्पलाइन (यदि विदेश में हों) को की गई है। आप 18602103456 पर हमारी 24 घंटे ग्राहक सेवा हॉटलाइन पर कॉल करके या कार्यदिवसों में काम के घंटों के दौरान अपनी निकटतम शाखा में जाकर हमें लिखित रूप में अधिसूचित करके हमें नुकसान/चोरी या अनधिकृत उपयोग के बारे में बाद में अधिसूचित कर सकते/ती हैं। अधिक विवरणों के लिए कृपया Visa International Debit Card एग्रीमेंट का संदर्भ लें।

कवर का दायरा: गुम या चोरी हुए DBS Bank International Debit Card के सभी कपटपूर्ण उपयोग, जिसमें जाली/पारगमन में गुम/ATM लेनदेन/इंटरनेट बैंकिंग लेनदेन, पॉइंट ऑफ सेल और मर्चेंट प्रतिष्ठान लेनदेन और प्री-डिलीवरी के कारण शामिल हैं।

नीति के प्रयोजन के लिए: ATM धोखाधड़ी का अर्थ है और इसमें शामिल है चोरी/गुम हुए कार्डों का उपयोग करके कपटपूर्ण नकदी आहरण और कपटपूर्ण लेनदेन। इंटरनेट बैंकिंग धोखाधड़ी को गुम/चोरी हुए कार्ड के उपयोग द्वारा इंटरनेट पर किए गए कपटपूर्ण लेनदेन के रूप में परिभाषित किया गया है। ATM से संबंधित लेन-देन को कवर किया जाता है बशर्ते कि यह कार्ड सदस्य/अधिकृत व्यक्ति द्वारा नहीं किया गया हो।

कृपया ध्यान दें कि सभी PIN या सॉफ्ट टोकन ID अधिप्रमाणित या PIN सत्यापित लेनदेन को कवर नहीं किया जाएगा। आप कार्ड के गुम होने/चोरी होने के 3 दिनों के भीतर सक्षम क्षेत्राधिकार के संबंधित पुलिस प्राधिकारी के पास First Investigation Report (FIR) दायर करेंगे/गी और उसकी प्रतिलिप 3 दिनों के भीतर बैंक में प्रस्तुत करेंगे/गी।

गुम हुए कार्ड की देयता:

a. रिपोर्टिंग अवधि - 2 दिन प्री-रिपोर्टिंग और 7 दिन पोस्ट रिपोर्टिंग कवर।
b. नकली/पारगमन में गुम/ATM लेनदेन/इंटरनेट बैंकिंग लेनदेन, पॉइंट ऑफ सेल और मर्चेंट प्रतिष्ठान लेनदेन के कारण सहित गुम या चोरी हुए कवर किए गए Debit Card के सभी कपटपूर्ण उपयोग कवर किए जाते हैं।
c. ATM धोखाधड़ी को कपटपूर्ण नकदी आहरण और चोरी/खोए हुए कार्ड से कपटपूर्ण लेनदेन के रूप में परिभाषित किया गया है।
d. ATM से संबंधित लेनदेन को कवर किया जाता है बशर्ते कि यह कार्ड सदस्य/अधिकृत व्यक्ति द्वारा नहीं किया गया हो।
e. किसी भी PIN आधारित लेनदेन (जैसे कि ATM, इंटरनेट और टेलीफोन आदि) को कवर किया जाता है बशर्ते PIN अनधिकृत व्यक्ति द्वारा दबाव में उपार्जित किया गया हो।
f. दूसरे स्तर की प्राधिकृतियों के टूटने से होने वाली सभी हानियों को कवर नहीं किया जाता है। वारंटी दी गई है कि सभी कार्ड चिप और PIN आधारित हैं।
g. इंटरनेट बैंकिंग धोखाधड़ी को गुम/चोरी हुए कार्ड के उपयोग द्वारा इंटरनेट पर किए गए कपटपूर्ण लेनदेन के रूप में परिभाषित किया गया है।
h. प्री-डिलीवरी धोखाधड़ी कवर नहीं है।
i. किसी गुम हुए कार्ड की स्थिति में FIR प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

5.12.2 नक़ली कार्ड

a. स्किमिंग – बैंक कार्ड (कार्डों) का कोई भी कपटपूर्ण उपयोग जहाँ संपत्ति, श्रम या सेवाओं को किसी मर्चेंट द्वारा टेलीफोन, फैक्स मशीनों, डाक सेवाओं या कंप्यूटर आधारित सिस्टम या नेटवर्क का उपयोग करके कार्ड सदस्य होने का दावा करने वाले व्यक्ति को बेचा और वितरित किया जाता है।

b. कार्ड धारक की जानकारी के बिना बनाए गए बैंक द्वारा जारी किए गए जैसे डुप्लीकेट या जाली कार्ड से होने वाले नुकसान।
c. अनधिकृत अभिगम या चोरी की अधिसूचना की प्राप्ति के बाद बीमित व्यक्ति को कार्ड को जितनी जल्दी संभव हो, लेकिन किसी भी स्थिति में 7 दिनों से अधिक नहीं, अवश्य रद्द कर देना चाहिए।
d. रिपोर्टिंग अवधि - 2 दिन प्री-रिपोर्टिंग और 7 दिन पोस्ट रिपोर्टिंग कवर।
e. विवादित नक़ली लेनदेन युक्त स्टेटमेंट के जारी होने की दिनांक से 15 दिनों के भीतर आपको दावा रिपोर्ट करना होगा।

5.12.3 ऑनलाइन धोखाधड़ी संरक्षण

a. फ़िशिंग/खाता अधिग्रहण - किसी इलेक्ट्रॉनिक संचार, जो बीमित व्यक्ति या बीमित व्यक्ति के बैंक कार्ड प्रोसेसर के स्वामित्व में नहीं है, उसके द्वारा संचालित या अनुबंधित नहीं है, में एक विश्वसनीय इकाई के रूप में ढोंग करके प्रयोक्ता नाम, पासवर्ड और कार्ड के कोई भी विवरण जैसी संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत अभिगम द्वारा प्राप्त की गई जानकारी के कारण उत्पन्न होने वाली कोई भी कपटपूर्ण हानि या क्षति।
b. यह पॉलिसी बैंक द्वारा आपको जारी किए गए अधिकृत CVV (कार्ड सत्यापन मान कोड) का उपयोग करके Debit Card के सभी ऑनलाइन कपटपूर्ण उपयोग को कवर करती है।
c. बैंक द्वारा आपको जारी किए गए अधिकृत PIN का उपयोग करके कार्ड लेनदेन के किसी भी नुकसान या क्षति से उत्पन्न होने वाली देयता को कवर करती है।
d. रिपोर्टिंग अवधि - 2 दिन प्री-रिपोर्टिंग और 7 दिन पोस्ट रिपोर्टिंग
e. सुरक्षा कोड/पासवर्ड आधारित लेनदेन कवर नहीं हैं।
f. कंपनी ऐसे किसी भी दावे के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई भुगतान नहीं करेगी, जो निम्नलिखित से, की वजह से, या के कारण उत्पन्न होंगे
g. बीमा की संपूर्ण अवधि तक किसी भी ऐसी साइट पर Debit Card के दुरुपयोग के कारण आपके द्वारा किया गया नुकसान जिस पर किसी भी समय अधिकृत वेरीसाइन (VeriSign) सुरक्षा स्टेटस या कोई अन्य समकक्ष सुरक्षा स्टेटस नहीं है।
h. मेजबान वेबसाइट/अधिकृत बैंक द्वारा कोई भी विफल/डुप्लिकेट/अस्वीकार किया गया लेनदेन
i. होस्ट वेबसाइट/अधिकृत बैंक द्वारा की गई कोई भी त्रुटि। इंटरनेट बैंकिंग धोखाधड़ी को इंटरनेट पर गुम/चोरी हुए कार्डों के उपयोग द्वारा किए जा रहे कपटपूर्ण लेनदेन के रूप में परिभाषित किया गया है।

## 5.13 Global Customer Assistance Service (GCAS)

यह Visa द्वारा प्रदान की जाने वाली एक प्रभारित की जाने योग्य सेवा है। कार्ड सदस्य Visa Global Customer Assistance Service से दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन सहायता प्राप्त कर सकते हैं। गुम/चोरी हुए कार्ड की रिपोर्ट करने, आपातकालीन नकदी सहायता या विविध जानकारियों के लिए GCAS का उपयोग किया जा सकता है जिसकी आपको विदेशों में आवश्यकता हो सकती है। GCAS टोल फ्री नंबरों के लिए कृपया वेबसाइट www.visa-asia.com का संदर्भ लें।

कृपया ध्यान दें कि वर्तमान में सेवाओं पर विविध ग्राहक सेवा पूछताछ के रूप में चार्ज लिया जाता है: US $ 5 प्रति पूछताछ और गुम/चोरी हुए कार्ड की रिपोर्ट करना: निःशुल्क। कृपया यह भी ध्यान दें कि ये चार्ज समय-समय पर घटबढ़ सकते हैं।

## 5.14 अपने Debit Card की देखभाल करना

इन सरल दिशानिर्देशों का पालन करने से यह सुनिश्चित होगा कि आपके Debit Card का उपयोग करना एक सुखद अनुभव है।

a. अपने Debit Card को वैसा ही माने जैसा आप नकदी को मानते हैं। इसे हमेशा अपने पास रखें और इसे कभी भी उपेक्षित न छोड़ें।

b. आपका Debit Card केवल आपके अनन्य उपयोग के लिए है। इसे DBS Bank शाखा (भारत) में किसी नामित बैंक अधिकारी के अलावा किसी अन्य को कभी भी अध्यर्पित नहीं किया जाना चाहिए और केवल चुंबकीय पट्टी के आरपार इसे कई टुकड़ों में काटने के बाद ही अध्यर्पित किया जाना चाहिए।

c. अपनी व्यक्तिगत पहचान संख्या (PIN) को कभी भी किसी को न बताएँ या सरेंडर करें। कृपया PIN को याद रखने के बाद उसके सभी साक्ष्य नष्ट कर दें। इसे Debit Card पर न लिखें और इसकी एक लिखित प्रति अपने Debit Card के निकट कभी न रखें। हम अनुशंसा करते हैं कि आप यथा शीघ्र PIN को अपनी पसंद के नंबर में बदल दें और उसके बाद नियमित अंतरालों पर बदलते/ती रहें। कृपया ध्यान दें कि आपका PIN digibank ऐप और साथ ही DBS Bank के ATM पर भी बदला जा सकता है।

d. यदि आपका Debit Card गुम/चोरी हो जाता है या यदि आपको संदेह है कि कपटपूर्ण ढंग से आपके कार्ड का उपयोग किया गया है, तो प्रथम उपाय के रूप में - कार्ड को digibank ऐप में ब्लॉक करें। यदि आप ऐप तक अभिगम नहीं कर सकते/ती हैं, तो 18602103456 (घरेलू के लिए) और 044-49021180 (भारत से बाहर यात्रा करते समय, नुकसान की रिपोर्ट करने के लिए तुरंत) पर ग्राहक सेवा को कॉल करें।

e. यदि आपको अपने भौतिक Debit Card को पुनः जारी करवाने या समाप्त करवाने की आवश्यकता है, तो कृपया अपने भौतिक Debit Card को ब्लॉक करने या फिर से जारी करने का अनुरोध करने के लिए digibank ऐप में लॉग इन करें।

f. यदि आपने OTP आधारित eKYC प्रक्रिया का उपयोग करके digiSavings खाता खुलवाया है और आपके पास वर्तमान में भौतिक Debit Card है, तो जब आप अपने मौजूदा भौतिक Debit Card को पुनः जारी करने के लिए अनुरोध करेंगे/गी तो आपको एक Virtual Debit Card जारी किया जाएगा। यह एक बार का, अनुत्क्रमणीय रूपांतरण (नॉन-रिवर्सिबल कनवर्जन) है।

g. आपको बताई गई समय सीमा के भीतर और लागू टैरिफ पर आपके भौतिक Debit Card का एक प्रतिस्थापन प्रदान किया जाएगा। अपने भौतिक Debit Card की समाप्ति पर या आपके digiSavings के बंद होने पर, कृपया चुंबकीय पट्टी के आरपार अपने भौतिक Debit Card को कई टुकड़ों में काट दें।

h. हमेशा सुनिश्चित करें कि मर्चेंट प्रतिष्ठानों में लेन-देन करते समय भौतिक Debit Card का उपयोग आपकी उपस्थिति में किया जाता है। कभी भी किसी अधूरी चार्ज स्लिप पर हस्ताक्षर न करें।

i. यह अत्यावश्यक है कि आप अपने Debit Card का उपयोग करने से पहले Debit Card के नियमों और शर्तों को पढ़ लें। कृपया लागू चार्जेज और शुल्कों के विवरणों के लिए कृपया सेवा चार्जेज की अनुसूची देखें।
j. कृपया अपने भौतिक Debit Card को ऐसे किसी टेलीविजन पर या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर न छोड़ें जिसमें निरंतर चुंबकीय क्षेत्र हो।
k. आपको अपने भौतिक Debit Card के पुनः जारी किए जाने के लिए digibank ऐप में लॉग इन करना होगा, और पुनः जारी करने के लिए मैन्युअल अनुरोध उपलब्ध नहीं है।

## 5.15 PIN का प्रतिस्थापन

किसी भी गुम या चोरी हुए भौतिक Debit Card की घटना के बाद, आप एक नए भौतिक Debit Card के लिए अनुरोध कर सकते/ती हैं और digibank ऐप पर एक नया PIN उत्पन्न कर सकते/ती हैं। भौतिक Debit Card को पुनः जारी करने की स्थिति में हम समय-समय पर लागू प्रतिस्थापन शुल्क प्रभारित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। कृपया लागू शुल्कों के लिए हमारी वेबसाइट पर हमारे दरें और शुल्क पृष्ठ का संदर्भ लें।

## 5.16 भारत के बाहर Visa International Debit Card का उपयोग

बैंक/Visa द्वारा तय की गई दरों के आधार पर विदेशी मुद्रा में लेनदेन को रूपांतरण की तिथि पर भारतीय रुपये में रूपांतरित किया जाएगा। रूपांतरण के लिए उपयोग की जाने वाली दर बाजार के उतार-चढ़ाव के कारण लेनदेन की तिथि पर प्रभावी दर से भिन्न हो सकती है। विदेशी मुद्रा में सभी लेन-देन, या तो हम पर अधिरोपित चार्ज का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिपूर्ति चार्ज के रूप में या आपसे सीधे शुल्क के रूप में, Visa एसोसिएशन द्वारा अधिरोपित चार्ज के अधीन हैं। प्रदान की गई सेवाओं के लिए विदेशी मुद्रा लेनदेन की राशि को प्रभारित करते समय या ऐसे विदेशी मुद्रा के लेनदेन के संबंध में हमारे द्वारा की गई कार्रवाइयों के समय लागू होने वाला एक प्रशासनिक शुल्क आपके द्वारा देय होगा और आपकी digiSavings में डेबिट किया जाएगा।

## 5.17 Debit Card खाते पर रोक (होल्ड)

हम किसी भी लेनदेन के संबंध में आपके digiSavings को उस दिन अलग रख सकते हैं जिस दिन ऐसा लेनदेन भुगतान के लिए हमें प्रस्तुत किया जाता है या जिस दिन हमें ऐसे लेनदेन के लिए नोटिस मिलता है। अलग रखी गई या रोकी गई ऐसी राशि वास्तविक लेन-देन का केवल एक अनुमानित योग है और हो सकता है कि वास्तविक लेन-देन के समान न हो। यदि हम किसी राशि को अलग रखते या रोकते हैं, तो आपकी digiSavings में उपलब्ध शेष राशि (बैलेंस) में से उतनी राशि कम हो जाएगी जो हमने अलग रखी है। हो सकता है कि आप ऐसे लेन-देन पर भुगतान बंद न करें और न ही हमारे द्वारा अलग रखी गई या रोकी गई किसी राशि का उपयोग करें। जहाँ लागू हो, हम ऐसी राशि को 10 दिनों तक अलग रख या रोक सकते हैं जिसके बाद हम वास्तविक लेनदेन की पूरी राशि के लिए आपकी digiSavings को डेबिट कर देंगे।

## 5.18 Regulations of RBI

नेपाल और भूटान में विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए Debit Card मान्य नहीं है (अर्थात् ऐसी किसी भी मुद्रा में जो स्थानीय मुद्रा या भारतीय रुपया नहीं है)।

समय-समय पर जारी की गई, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा निर्धारित विदेशी मुद्रा पात्रताओं से आपके परे जाने पर आपकी वजह से होने वाले चार्ज के अस्वीकार के कारण प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उत्पन्न होने वाली किसी भी हानि या क्षति के संबंध में, हमें आपकी पात्रताओं से परे जाने के बारे में अवगत होने पर, हम किसी भी तरह के दायित्व के अधीन नहीं होंगे और हमें क्षतिपूर्ति किया गया समझा जाएगा।

बहुभाषी Visa Emergency Assistance Services Programme विदेश यात्रा करते समय Visa कार्ड सदस्यों को विश्वव्यापी आपातकालीन रेफरल सहायता प्रस्तुत करता है। इनमें कानूनी, चिकित्सा और अन्य सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। आपातकालीन सहायता कार्यक्रम के संचारों और सेवाओं की व्यवस्थाएँ एक तृतीय-पक्षकार सेवा प्रदाता द्वारा प्रदान की जाती है और इसके लिए Visa International द्वारा भुगतान किया जाता है और उपयोग की गई किन्हीं भी/सभी चिकित्सा, कानूनी या अन्य सेवाओं की लागत के लिए आप उत्तरदायी हैं। सर्वोत्तम प्रयास पर सहायता प्रदान की जाती है और हो सकता है कि समय, दूरी या स्थानों की समस्याओं के कारण उपलब्ध न हो। Visa International द्वारा सुझाए गए और/या नामित चिकित्सा और/या कानूनी पेशेवर Visa International के कर्मचारी नहीं हैं और इसलिए, वे किसी भी चिकित्सा, कानूनी या परिवहन सेवाओं की उपलब्धता, उनके उपयोग, कृत्यों, चूकों या परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं हैं। बैंक ऐसी सेवाओं की व्यवस्था या उपयोग के लिए कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करता है।

## 5.19 हानि/चोरी/धोखाधड़ी को रोकने का कर्तव्य

आपका Debit Card हमेशा हमारी संपत्ति बना रहता है और हमारे अनुरोध पर या Debit Card और/या खाते के रद्दीकरण या समाप्ति पर आपके द्वारा Visa International Debit Card को नष्ट अवश्य कर दिया जाना चाहिए। आपको अपना Debit Card सुरक्षित रूप से रखना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि आपका खाता संख्या और PIN किसी अन्य व्यक्ति को प्रकट नहीं किए जाते हैं। Debit Card का उपयोग एकमात्र आपके द्वारा किया जाना है और इसे अवश्य ही किसी भी तरह से प्रतिभूति के रूप में अंतरित किया या गिरवी रखा नहीं जाना चाहिए।

## 5.20 गुम/चोरी हुए भौतिक Debit Card की पुनःप्राप्ति

यदि आप गुम या चोरी हुए भौतिक Debit Card को पुनर्प्राप्त करते/ती हैं, तो आपको उक्त भौतिक Debit Card का उपयोग किए बिना इसे चुंबकीय पट्टी के आरपार से आधा काट कर हमें तुरंत वापस अवश्य करना चाहिए।

## 5.21 भौतिक Debit Card का प्रतिस्थापन

ऊपर उल्लिखित किसी भी घटना के घटित होने के बाद, हम अपने विवेक पर digibank ऐप में उपलब्ध 'एक नए भौतिक Debit Card का अनुरोध करें' विकल्प उपलब्ध करा सकते हैं।

## 5.22 अपने खाते का संचालन करना

सभी खाते/खातों, Visa International Debit Card और Virtual Debit Card पर लागू।

### 5.22.1 लेन-देनों के लिए दायित्व

मासिक इलेक्ट्रॉनिक स्टेटमेंट हर महीने के अंत के बाद उत्पन्न किया जाता है और digibank ऐप के भीतर उपलब्ध होता है। विवरण में पिछले महीने में खाते पर आपके द्वारा किए गए सभी लेनदेन सूचीबद्ध होते हैं।

5.22.2 खाता शेषों (बैलेंसेस) का निर्धारण करना

भले ही हम खाते से संबंधित किसी अन्य अनुबंध में या तो अकेले आपके साथ या किसी अन्य व्यक्ति(यों) के साथ अन्यथा सहमत हो गए हों; तब भी हम उस तिथि के बाद सात (7) दिनों तक आपके किसी भी/सभी खाते/खातों पर शेष राशि (बैलेंस) को बनाए रखने के हक़दार होंगे जब आपके खाते को बंद या समाप्त कर दिया जाता है (चाहे आपके द्वारा या हमारे द्वारा)। इस अनुबंध के तहत हमारे अधिकार खाते/खातों की समाप्ति के बाद समाप्त नहीं होंगे; और खाते के बंद या समाप्त होने से पहले या बाद में अमल में लाए गए ओवरड्राफ्ट चार्जेज (यदि कोई हो) और/या Debit Card लेनदेन के साथ आपके खाते/खातों को डेबिट करना जारी रखने का हमारे पास अधिकार है। हमें देय किसी भी शेष राशि के लिए इस अनुबंध के तहत हमारे प्रति आपकी देयता (और अन्य सभी व्यक्तियों की देयता, यदि कोई हो, जिनके नाम पर खाता बनाए रखा गया है) जारी रहेगी।

## 5.23 चार्ज और शुल्क

5.23.1 नकद आहरण/शेष राशि (बैलेंस) पूछताछ शुल्क

कृपया विद्यमान चार्जेज के विवरणों के लिए www.dbs.com/digibank/in/rates-and-fees.html पर उपलब्ध "दरें और शुल्क" पृष्ठ का संदर्भ लें, जो लागू हो सकते हैं।

हम प्रत्येक नकद आहरण लेनदेन/शेष राशि (बैलेंस) की पूछताछ के लिए शुल्क के साथ आपके digiSavings को डेबिट कर सकते हैं, यदि नकद आहरण पोस्ट करते समय लागू हैं। हम आपको पूर्व सूचना दे कर ऐसे शुल्कों का अधित्याग करने या इसे परिवर्तित करने का विकल्प चुन सकते हैं।

5.23.2 वार्षिक चार्ज

Debit Card के लिए वार्षिक शुल्क, यदि कोई हो, आवेदन/नवीनीकरण पर बैंक की प्रचलित दर पर Debit Card से जुड़े खाते से डेबिट किया जाएगा। ये शुल्क नॉन-रिफंडेबल हैं।

5.23.3 पुनः जारी करने के चार्ज

भौतिक Debit Card जारी करने या पुनः जारी करने के लिए बैंक किसी भी समय आपसे चार्ज लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

5.23.4 वैधानिक/विनियामक चार्जेज या शुल्क

Debit Card के उपयोग के परिणामस्वरूप देय कोई भी सरकारी चार्जेज, ड्यूटी या डेबिट्स, या कर आपका उत्तरदायित्व होगा और यदि बैंक पर (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) या इस अनुबंध के तहत भुगतान की जाने वाली किसी भी राशि के संबंध में अधिरोपित किया जाता है, तो ऐसे चार्जेज, ड्यूटी या कर को बैंक खाते से डेबिट करेगा।

5.23.5 अन्य चार्जेज

उपरोक्त के अलावा जहाँ निम्नलिखित चार्जेज के लिए लागू हो, हम आपके खाते और/या आपके द्वारा हमारे पास बनाए रखे गए किसी भी खाते को भी डेबिट कर सकते हैं, जिनमें शामिल हैं लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं:

a. दस्तावेजों के उत्पादन के लिए प्रशासनिक शुल्क, भौतिक Debit Card के किसी प्रतिस्थापन के लिए या आपके Debit Card से संबंधित दस्तावेजों के लिए।
b. "नो शो रिजर्वेशन्स" के लिए रद्दीकरण शुल्क, आपके Visa International Debit Card के माध्यम से प्राप्त किए गए एयरलाइन या होटल के आरक्षण को रद्द करने या पूरा करने में विफल रहने के लिए चार्ज।
c. digiSavings से संबंधित आपके किन्हीं भी निर्देशों और/या अनुरोधों को पूरा करने में हमारे द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई के लिए सेवा चार्ज/प्रशासन शुल्क, चाहे ऐसी सेवा या कार्रवाई इन नियमों और शर्तों में या अन्यथा संदर्भित या विचार की गई हो।
d. इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के प्रावधान और/या उपयोग (अधिकृत या अनधिकृत) के लिए चार्जेज, शुल्क, आहरण और भुगतान तथा इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के प्रावधान और/या उपयोग के परिणामस्वरूप हमें होने वाली कोई भी अन्य देयताएँ और नुकसान।
e. इसके अलावा, साझा नेटवर्क के ऑपरेटर अपने ATM/POS टर्मिनल/अन्य डिवाइस के प्रत्येक उपयोग के लिए एक अतिरिक्त चार्ज लगा सकते हैं, और अन्य लागू शुल्कों/चार्जेज के साथ इस तरह के किसी भी चार्ज को खाते से काट लिया जाएगा। इस तरह की सुविधाओं के लिए अलग से सेवा शुल्क लगाया जा सकता है जैसा कि बैंक द्वारा समय-समय पर घोषित किया जा सकता है और खाते से काट लिया जा सकता है।
f. आप भी बैंक को आपके खाते से कटौती करने के लिए भी अधिकृत करते/ती हैं, और Debit Card के संबंध में ऐसे किसी भी खर्च के विरुद्ध बैंक को क्षतिपूर्ति (इन्डेम्निफाई) करते/ती हैं जो आपके द्वारा इसे देय धन एकत्र करने में इसके द्वारा किए जा सकते हैं (बिना किसी सीमा के उचित कानूनी शुल्क सहित)। न्यूनतम शेष राशि (बैंलेंस) की शर्त के अलावा, Debit Card के उपयोग के लिए digibank सेवा और अन्य चार्जेज लगा सकता है, जो समय-समय पर आपको अधिसूचित किए जाएँगे।
g. भारत के बाहर आपके द्वारा Debit Card के माध्यम से किए गए लेन-देन कि स्थिति में, उस मुद्रा के समतुल्य जिसमें Debit Card धारक का खाता रखा जाता है, के साथ प्रसंस्करण चार्जेज, रूपांतरण चार्जेज, शुल्क यदि Visa नियमों के अनुसार कोई प्रभारित किए जाते हैं, इस तरह के लेनदेनों के लिए कोई अन्य सेवा चार्ज, भारत में DBS Bank के पास रखे गए खाते से डेबिट किए जाएँगे।

5.23.6 चार्जेज में घटबढ़ करने का अधिकार

हम इस अनुबंध के तहत देय किसी भी चार्ज, शुल्क या ओवरड्राफ्ट दर की दर या राशि को आपको पूर्व संप्रेषण द्वारा अपने विवेक पर घटबढ़ कर सकते हैं। एक अवधि निर्दिष्ट की जाएगी जिसके बाद यह माना जाएगा कि आपने बदलाव को स्वीकार कर लिया है और संशोधित चार्जेज/शुल्क लागू हो जाएँगे। बैंक द्वारा निर्धारित लागू शुल्क और चार्जेज का विवरण वेबसाइट और/या शाखाओं में प्रदर्शित किया जाएगा। लागू टैरिफ के विवरणों के लिए कृपया वेबसाइट पर दरें और शुल्क पृष्ठ का संदर्भ लें।

5.23.7 चार्जेज की उगाही और वसूली

Visa International Debit Card प्रदान करने और उसका उपयोग करने के लिए बैंक आप पर सर्विस चार्जेज लगाने और उन्हें वसूल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आप एतद्द्वारा बैंक को खाते या आपके द्वारा धारित किसी अन्य खाते/खातों को डेबिट करके सर्विस चार्जेज वसूल करने हेतु अधिकृत करते हैं। ऐसा करने में आपकी विफलता के परिणामस्वरूप बैंक द्वारा सर्विस चार्जेज की वसूली उस तरह से की जाएगी जैसा बैंक लागू ब्याज के साथ-साथ उचित समझ सकता है, और/या बैंक के लिए किसी भी दायित्व के बिना Visa International Debit Card को निलंबित कर दिया जाएगा।

## 5.24 Debit Card और खाते के उपयोग की समाप्ति

### 5.24.1 समाप्त करने का हमारा अधिकार

हम आपके Debit Card या खाते को या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के आपके उपयोग को बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए किसी भी समय निलंबित या समाप्त कर सकते हैं। समाप्ति पर, आप Debit Card का उपयोग या उपयोग करने का प्रयास नहीं करेंगे। ऐसा कोई भी उपयोग कपटपूर्ण होगा। यदि किसी भी कारण से हमारे द्वारा Debit Card का उपयोग समाप्त कर दिया जाता है, तो आपको अक्षम (Visa Virtual Debit Card की स्थिति में) करना होगा या Visa International Debit Card को चुंबकीय पट्टी के आरपार से आधा काटकर हमें वापस करना होगा। किसी भी कारण से Debit Card की समाप्ति पर देय किसी भी शुल्क की कोई वापसी नहीं होगी।

### 5.24.2 समाप्त करने का आपका अधिकार

आप हमें लिखित नोटिस देकर और चुंबकीय पट्टी के आरपार से आधे में कटा हुआ भौतिक Debit Card हमें वापस करके (यदि लागू हो) या Virtual Debit Card को अक्षम करके (Visa Virtual Debit Card की स्थिति में) किसी भी समय अपने डेबिट कार्ड या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के अपने उपयोग को समाप्त कर सकते/ती हैं। आप हमें लिखित नोटिस देकर और Debit Card को सरेंडर/अक्षम करके (यदि लागू हो), जैसी भी स्थिति हो, इस अनुबंध को समाप्त कर सकते/ती हैं। समाप्ति पर, आप PIN और/या Debit Card का उपयोग या उपयोग करने का प्रयास नहीं करेंगे/गी। इस तरह का कोई भी उपयोग कपटपूर्ण माना जाएगा।

### 5.24.3 समाप्ति पर दायित्व

किसी भी कारण से आपके खाते की समाप्ति पर, आप अपने Debit Card का उपयोग जारी नहीं रखेंगे/गी। इस अनुबंध के तहत आपके दायित्व जारी रहेंगे और ऐसे किसी भी लेनदेन के लिए जो आपके खाते की समाप्ति से पहले या बाद में किए जाते हैं हम आपके द्वारा हमारे पास बनाए रखे गए खाते को डेबिट करने के हकदार रहेंगे। जब तक इस तरह के लेनदेन और ऐसे किसी भी ओवरड्राफ्ट चार्जेज का पूरा भुगतान नहीं किया जाता है जो उपरोक्त धारा 5.25.2 में निर्धारित तरीके से अधिरोपित किए जा सकते हैं पूरी तरह से भुगतान नहीं कर दिए जाते हैं, तब तक आप (और कोई अन्य व्यक्ति, यदि कोई हो, जिसके नाम पर खाता बनाए रखा गया है) हमारे प्रति उत्तरदायी रहेगा।

### 5.24.4 Debit Card सदस्य का दायित्व

आप माँग किए जाने पर, इस अनुबंध या आपके (चाहे अकेले या संयुक्त रूप से किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ) और हमारे बीच किसी अन्य अनुबंध के अनुसार आपके खाते से डेबिट किए गए सभी चार्जेज सहित, आपके खाते पर हमें देय शेष राशि (बैलेंस) के लिए उत्तरदायी होंगे/गी, और उसका भुगतान करेंगे/गी।

## 5.25 अपवर्जन और अपवाद

### 5.25.1 Debit Card को स्वीकार न करना

हम किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं हैं:

a. यदि आपका Debit Card या PIN किसी मर्चेंट या Debit Card लेनदेनों को संसाधित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले किसी टर्मिनल द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है या यदि हम किसी भी कारण से किसी भी Debit Card लेनदेन को अधिकृत करने से मना कर देते हैं;

b. Debit Card लेनदेनों, को संसाधित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले किसी टर्मिनल, या अन्य मशीनों या प्राधिकरण की प्रणाली में किसी भी खराबी, दोष या त्रुटि के लिए, चाहे वह हमारे या अन्य व्यक्तियों द्वारा संचालित हो;

c. इस अनुबंध के तहत या अन्यथा हमारे किसी भी दायित्व को पूरा करने में हमारी ओर से किसी भी देरी या अक्षमता के लिए यदि ऐसी देरी या अक्षमता किसी मशीन, डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम, ट्रांसमिशन की विफलता से, या किसी अनधिकृत और/या गैरक़ानूनी अभिगम की विफलता से उत्पन्न होती है या किसी इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक प्रणाली, डेटा प्रोसेसिंग या दूरसंचार दोष या विफलता, पावर और विद्युत विफलता, दैवी घटना, नागरिक अशांति, युद्ध या युद्ध जैसी शत्रुताओं, नागरिक हंगामों, दंगों, नाकेबंदियों, अधिरोधों, तोड़फोड़, हड़ताल, तालाबंदियों, आग, बाढ़, सामग्री या श्रम की कमी, उप-संविदाकारों से डिलीवरीज में विलंब या हमारे नियंत्रण से या हमारे किसी एजेंट या ठेकेदार के नियंत्रण से बाहर की किसी घटना या किसी धोखाधड़ी या जालसाजी से उत्पन्न होती है या;

d. ऐसे किसी भी डेटा या जानकारी को क्षति या उसे पुनःप्राप्त करने में कोई नुकसान या अक्षमता के लिए जो हो सकता है कि आपके Debit Card या आपके Debit Card में किसी माइक्रोचिप या सर्किट या डिवाइस में संग्रहीत हो;

e. आपके द्वारा दिए गए या दिए जाने के अभिप्राय वाले इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं से संबंधित किसी भी निर्देश के हमारे अनुपालन के लिए, बावजूद इसके कि हो सकता है कि इस तरह के निर्देश में समाविष्ट जानकारी की ईमानदारी से समझौता किया गया हो या संचरण के दौरान विकृत हो गई हो, बशर्ते कि ऐसा समझौता या विकृति इस तरह का निर्देश प्राप्त करने वाले किसी उचित व्यक्ति को स्पष्ट नहीं हुई होगी;

f. यदि आप हमारे और/या किसी प्रतिभागी के द्वारा की गई किसी कार्रवाई के परिणामस्वरूप किसी इलेक्ट्रॉनिक सेवा के उपयोग से वंचित हो जाते/ती हैं; या

g. सिस्टम के रखरखाव या किसी भी नेटवर्क की खराबी/अनुपलब्धता के कारण कोई इलेक्ट्रॉनिक सेवा उपलब्ध नहीं है; या

h. किसी भी उपकरण या सॉफ़्टवेयर प्रदाता, किसी भी सेवा प्रदाता, किसी भी नेटवर्क प्रदाता (जिसमें दूरसंचार प्रदाता, इंटरनेट ब्राउज़र प्रदाता और इंटरनेट एक्सेस प्रदाता शामिल हैं किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं), किसी भी प्रतिभागी, या किसी भी पूर्वगामी के किसी एजेंट या उपसंविदाकार के लिए।

किसी भी स्थिति में, हम अपनी घोर लापरवाही या जानबूझकर चूक के मामले को छोड़कर, की गई या किए जाने से छोड़ दी गई किसी भी चीज़ के लिए उत्तरदायी नहीं हैं।

5.25.2 माल और सेवाओं के साथ समस्याएँ

यदि आपको उन माल और सेवाओं के साथ कोई समस्या आती हैं जिन्हें आप अपने Debit Card या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के उपयोग के माध्यम से प्राप्त करते/ती हैं तो हम किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं हैं और न ही हम किसी भी मर्चेंट के किसी भी लाभ, छूट या प्रोग्राम्स के लिए उत्तरदायी हैं जो हम आपको उपलब्ध कराते हैं। इस तरह के किसी भी माल और सेवाओं में गैर-डिलीवरी या गैर-प्रदर्शन या दोषों के बावजूद, हम उस Debit Card लेनदेन के अनुसार पूरी राशि को आपके द्वारा हमारे पास बनाए रखे गए आपके खाते से डेबिट करने के हकदार होंगे। आप किसी भी विवाद का निपटारा सीधे माल और सेवाओं के प्रदाता के साथ करेंगे/गी।

5.25.3 परिणामी हानि के लिए कोई दायित्व नहीं

इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के प्रावधान और/या उपयोग या Debit Card के आपके उपयोग से किसी भी तरह से उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, विशेष या परिणामी, आर्थिक या अन्य क्षतियों के लिए न तो हम और न ही कोई प्रतिभागी किसी भी तरह से उत्तरदायी होंगे।

5.25.4 Debit Card-नॉट-प्रेजेंट लेनदेनों के लिए कोई दायित्व नहीं

हम अपने विवेक से और पूर्व सूचना दिए बिना ऐसे कार्ड-नॉट-प्रेजेंट लेनदेन को अनुमोदित या अधिकृत कर सकते हैं, जिस स्थिति में आप किसी भी कारण से आपके Debit Card के उपयोग के माध्यम से अमल में लाए गए सभी कार्ड-नॉट-प्रेजेंट लेनदेनों के लिए उत्तरदायी होंगे/गी। कार्ड-नॉट-प्रेजेंट लेनदेनों के संबंध में की गई किसी भी प्राधिकृति के लिए हम किसी भी तरह से आपके प्रति उत्तरदायी नहीं होंगे।

5.25.5 दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों की निर्णायकता

आपके हस्ताक्षर वाले या आपके PIN द्वारा अधिकृत Debit Card लेनदेनों से संबंधित हमारा कोई भी रिकॉर्ड उनकी परिशुद्धता और प्रामाणिकता का निर्णायक सबूत हैं और सभी उद्देश्यों के लिए आप पर बाध्यकारी होंगे। यदि आप किसी digiSavings/s स्टेटमेंट में कोई त्रुटि या अशुद्धि पाते/ती हैं तो आप हमें भी अधिसूचित भी करेंगे/गी। जब तक इलेक्ट्रॉनिक स्टेटमेंट को डाउनलोड के लिए उपलब्ध कराए जाने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर आपके द्वारा विवादित नहीं किया जाता है, तब तक इसे सही होना माना जाएगा।

5.25.6 इलेक्ट्रॉनिक सेवाएँ

आप अपने Debit Card और/या PIN का उपयोग ATM के माध्यम से Visa International Debit Card लेनदेन और/या Visa Virtual Debit Card (घरेलू इंटरनेट खरीद लेनदेन) का उपयोग करके किए गए कार्ड नॉट प्रेजेंट लेनदेनों सहित अधिकृत लेनदेनों को अमल में लाने के लिए, और/या अन्य इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं का उपयोग करने के लिए कर सकते/ती हैं। किसी अन्य व्यक्ति को किसी भी लेनदेन को करने के लिए Debit Card और/या PIN का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। हम एकमात्र अपने विवेकाधिकार पर उन सुविधाओं को निर्धारित कर सकते हैं जिन्हें आप अपने PIN का इस्तेमाल करके उपयोग कर सकते/ती हैं। यदि हम हम अपने विवेकाधिकार पर ऐसी किसी भी सुविधा को संशोधित करने का निर्णय लेते हैं, तो हम आपको अधिसूचित भी कर सकते हैं।

आप PIN को किसी भी रूप में रिकॉर्ड नहीं करेंगे/गी ताकि किसी तीसरे पक्षकार को PIN के बारे में पता चलने की संभावना से बचा जाए। आप PIN द्वारा अधिप्रमाणित लेनदेनों और निर्देशों को पूरा करने के लिए DBS Bank को स्पष्ट प्राधिकार प्रदान करते/ती हैं और उसे रद्द नहीं करेंगे/गी। PIN के सत्यापन के जरिये के अलावा आपके द्वारा भेजे गए या भेजे गए के अभिप्राय वाले लेनदेन निर्देश की प्रामाणिकता को सत्यापित करने का DBS Bank का कोई दायित्व नहीं है।

5.25.7 Debit Card का उपयोग

आप किसी भी अवैध खरीद के लिए भुगतान करने के लिए Debit Card का उपयोग नहीं करने का वचन देते/ती हैं, अर्थात वर्तमान विनियमों के अनुसार कानून और RBI द्वारा अनुमति नहीं दी गई वस्तुओं/सेवाओं की खरीद।

यदि कोई अन्य व्यक्ति PIN पर कब्जा प्राप्त कर लेता है तो आप हमें हानिरहित ठहराने के लिए सहमत हैं। आपके द्वारा उत्पन्न किसी भी PIN की आप सुरक्षा करेंगे/गी और उनके उपयोग के संबंध में प्रत्येक प्रक्रियात्मक, सुरक्षा और अन्य आवश्यकता और हमारे और/या प्रासंगिक प्रतिभागी के नोटिस का पालन करेंगे, या, जैसा भी मामला हो, किसी भी PIN के संबंध में आप इस परिच्छेद के प्रावधानों का पालन करेंगे/गी। आप हमें तुरंत अधिसूचित करेंगे/गी यदि:

a. कोई भी DBS PIN किसी भी व्यक्ति को प्रकट किया जाता है।
b. कोई भी Debit Card किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग किया जाता है।
c. ऐसी कोई अन्य घटना घटित होती है, जो इस अनुबंध की शर्तों के तहत हमें इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के उपयोग को निलंबित या रद्द करने देगी। आपकी ओर से आए अभिप्राय वाले किसी नोटिस के मिलने के बाद, हम किसी भी समय इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के आपके उपयोग को निलंबित या रद्द कर सकते हैं।

यदि कोई ऐसी अन्य घटना घटती है, जो इस अनुबंध की शर्तों के तहत, हमें इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के उपयोग को निलंबित या रद्द करने देगी, तो आप हमें तुरंत (digibank ऐप या किसी भी अन्य मोड के माध्यम से जो उपलब्ध हो) अधिसूचित करेंगे/गी। आपकी ओर से आए अभिप्राय वाले किसी नोटिस के मिलने के बाद, हम किसी भी समय इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के आपके उपयोग को निलंबित या रद्द कर सकते हैं।

## 5.26 संशोधन

5.26.1 नियम और शर्तों में परिवर्तन

हम परिवर्तनों के बारे में आपको अधिसूचित करके किसी भी समय इस अनुबंध की अंतर्वस्तु को बदल सकते हैं और/या नए नियम और शर्तें बना सकते हैं। परिवर्तन नोटिस में निर्दिष्ट दिनांक से लागू होंगे। यदि आप निर्दिष्ट दिनांक के बाद भी Debit Card और/या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं को रखना या उपयोग करना जारी रखते/ती हैं, तो यह माना जाएगा कि आपने परिवर्तनों को बिना संदेह के स्वीकार कर लिया है। यदि आप परिवर्तनों को स्वीकार नहीं करते/ती हैं, तो आपको Debit Card और/या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं का उपयोग बंद अवश्य कर देना चाहिए और इस अनुबंध को समाप्त कर देना चाहिए।

5.26.2 परिवर्तनों का प्रकाशन

हम इन नियमों और शर्तों में किसी भी बदलाव के बारे में, अपनी वेबसाइट पर ऐसे परिवर्तनों को प्रकाशित करके या उन्हें अपनी शाखाओं में प्रदर्शित करके, आपको सूचित कर सकते हैं। हालाँकि, हम आपको संचार के अन्य साधनों द्वारा सूचित करना चुन सकते हैं।

## 5.27 सूचना का प्रकटन

### 5.27.1 ऐसे पक्षकार जिनके लिए प्रकटन किया जा सकता है

आप अपने खाते/खातों के और/या Debit Card के आपके उपयोग के किसी भी विवरण का प्रकटन निम्नलिखित के लिए करने हेतु हमें अधिकृत करते हैं:

a. कोई भी व्यक्ति या संगठन जो इलेक्ट्रॉनिक या, बिना किसी सीमा के, बैंकिंग सेवाओं या अन्य सेवाओं या उपलब्ध कराए गए या आपके द्वारा उपयोग किए गए लॉयल्टी लाभों के संबंध में, उक्त सेवाओं के संचालन के उद्देश्य से, प्रावधान में भाग लेता है, चाहे वह भारत में हो या भारत के बाहर हो, जिसमें विसंगतियों, त्रुटियों या दावों की जाँच करना शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है;
b. बैंक, क्रेडिट या चार्ज कार्ड कंपनियाँ या क्रेडिट या चार्ज कार्ड पूछताछों में मर्चेंट्स; digiSavings के स्टेटमेंट्स, Debit Card, लेबल्स, मेलर्स या कोई अन्य दस्तावेज या आइटम जिस पर आपका नाम और/या अन्य विवरण दिखाई देते हैं, को प्रिंट करने, मेल करने, माइक्रोफिल्मिंग को स्टोर करने और/या वैयक्तिकृत चेकों को फाइल करने के उद्देश्य से हमारे द्वारा आउटसोर्स किए गए एजेंट्स
c. हमारी ओर से कोई भी सूचना एकत्र करने या संसाधित करने वाला कोई संगठन या विभाग या सर्वेक्षण(णों) का संचालन या विश्लेषण करने वाला या सिस्टम एप्लिकेशन विकसित करने वाला परामर्शदाता;
d. किन्हीं भी सेवाओं या उत्पादों का विपणन या प्रचार करने के उद्देश्य से कोई भी व्यक्ति या संगठन चाहे हमारे अपने हों या हमारे द्वारा टाइ-अप किए गए हों;
e. Visa International, MasterCard International or American Express International;
f. जोखिम प्रबंधन उद्देश्यों के लिए हमारे संबंधित कॉर्पोरेशन्स में से कोई भी, DBS Group भर में आपको क्रेडिट एक्सपोजर की निगरानी के लिए और क्रॉस-सेलिंग उद्देश्यों के लिए। "DBS Group" का अर्थ है हमारी कोई भी अनुषंगी कंपनी, हमारी होल्डिंग कंपनी और हमारी होल्डिंग कंपनी की कोई भी अनुषंगी कंपनी;
g. कोई भी सरकारी एजेंसी या प्राधिकरण या अधिकार क्षेत्र न्यायालय जहाँ हमारी कोई भी विदेशी शाखा स्थित है; या
h. आपके द्वारा हमें देय किसी भी ऋण राशि को, हमारी ओर से एकत्र करने या वसूल करने, या आपके लाभ के लिए प्राप्त करने या आपकी ओर से चुकाने के लिए, कोई भी व्यक्ति या संगठन;
i. कोई भी प्रतिभागी या तृतीय पक्षकार जिसके पास ऐसी जानकारी को प्राप्त करने का एक वैध व्यावसायिक उद्देश्य है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के उपयोग के संबंध में या इन्हें सुगम बनाने के लिए आपके उत्पादों या सेवाओं की पेशकश करना शामिल है; इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं का उपयोग करने वाले किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए जो आपके होने का अभिप्राय करता है; जहाँ किसी भी लेनदेन को पूरा करने के लिए ऐसा प्रकटन आवश्यक हो।

5.27.2 अभिस्वीकृति

आप स्वीकार करते/ती हैं कि:

a. आपके हित को सुनिश्चित करने के लिए, हम अपने विवेक से Debit Card का उपयोग करते समय किसी भी व्यक्ति की उस तक पहुँच और उपस्थिति को कैमरे पर या वीडियो टेप पर रिकॉर्ड कर सकते हैं। आपके द्वारा दिए गए निर्देशों के इलेक्ट्रॉनिक या दस्तावेजी रूप में हमारे द्वारा बनाए रखे गए सभी रिकॉर्ड्स और ऐसे अन्य विवरण (जिसमें किए गए या प्राप्त किए गए भुगतान शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं), और ऊपर उल्लेख किए गए अनुसार सभी कैमरा/वीडियो रिकॉर्डिंग्स, आपके विरुद्ध, इस तरह के निर्देशों और ऐसे अन्य विवरणों का निर्णायक साक्ष्य माने जाएँगे।

5.27.3 नियम और शर्तों के तहत प्रकटन के लिए कोई दायित्व नहीं

आपको हुई या किसी भी जानकारी के किसी भी प्रकटन के परिणामस्वरूप हुई किसी भी हानि या क्षति के लिए न तो हम और न ही हमारा कोई अधिकारी उत्तरदायी होगा, जिसकी आपने हमें और/या प्रकट करने वाले हमारे किसी अधिकारी को सहमति दी है।

5.27.4 सूचना का प्रावधान

आप हमें ऐसी कोई भी जानकारी या दस्तावेज प्रदान करेंगे जो हम Debit Card या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के आपके उपयोग के संबंध में उचित रूप से अनुरोध कर सकते हैं और किसी भी संबंधित जाँच या मुकदमे में हमारे साथ सहयोग करेंगे/गी। यदि जानकारी प्रदान नहीं की जाती है या यदि प्रदान की गई जानकारी ग़लत है, तो हम अपने विवेक पर Debit Card के नवीनीकरण या इसे पुनःजारी करने से इनकार कर सकते हैं या Debit Card को तुरंत रद्द कर सकते हैं।

5.27.5 सहमति परिच्छेद

आप एतद्द्वारा स्पष्ट रूप से बैंक को किसी भी समय और किसी भी उद्देश्य के लिए सक्षम अधिकार क्षेत्र वाले किसी न्यायालय, अर्ध न्यायिक प्राधिकरण, कानून प्रवर्तन एजेंसी, राज्य सरकार के प्रासंगिक विंग, RBI, आयकर प्राधिकरणों, वैधानिक प्राधिकरणों, वित्तीय संस्थानों, क्रेडिट ब्यूरो/एजेंट्स/विक्रेताओं या कोई भी कंपनी जो बैंक की सम्बद्ध या एसोसिएट या अनुषंगी या समूह कंपनी है, के लिए मेरे/हमारे विवरण, खाते, जमा, लेनदेन, या बैंक के साथ डीलिंग्स से संबंधित किसी भी जानकारी का खुलासा करने के लिए स्पष्ट रूप से अधिकृत करते/ती हैं।

## 5.28 दस्तावेजों का संचारण और तामील

5.28.1 संचारण

हम इन-ऐप संदेशों, फैकसिमाइल संचरण,शॉर्ट मेसैज सिस्टम (SMS), इलेक्ट्रॉनिक मेल, हमारे रिकॉर्ड में आपके पंजीकृत वर्तमान पते पर साधारण प्रीपेड पोस्ट या व्यक्तिगत डिलीवरी द्वारा Debit Card से संबंधित नोटिस, खाता स्टेटमेंट्स या कोई अन्य संचारण भेज सकते हैं। इन-ऐप संदेशों/फैक्सिमाइल/SMS/ईमेल द्वारा भेजे गए संचारण और नोटिसों को वाहक विलंबों की परवाह किए बिना आपको उसी दिन भेजा और उसी दिन आपके द्वारा

प्राप्त किया गया माना जाएगा। प्री-पेड मेल द्वारा भेजे गए संचारण और नोटिसों को, यदि भारत में डाक द्वारा भेजे जाते हैं, तो पोस्टिंग की दिनांक के तुरंत बाद वाले दिन पर डिलीवर किया गया माना जाएगा, और यदि भारत के बाहर भेजे जाते हैं तो पोस्टिंग की दिनांक के पाँच (5) दिन बाद डिलीवर किया गया माना जाएगा। अभी तक, संचारण digibank ऐप के भीतर उपलब्ध होगा जिससे Debit Card जुड़ा हुआ है।

5.28.2 दस्तावेजों की तामील

हम आपको रिट ऑफ समन्स, दावे का विवरण या कोई अन्य कानूनी प्रक्रिया या दस्तावेज़ जिसे व्यक्तिगत तामील की आवश्यकता होती है, इसे व्यक्तिगत रूप से डिवीवर करके, इसे साधारण डाक द्वारा भेजकर या इसे आपके अंतिम ज्ञात पते पर छोड़ कर (चाहे डाकघर का पता हो या निजी आवास हो या व्यापारिक आवास या अन्यथा हो) तामील कर सकते हैं। यदि हम आपको व्यक्तिगत रूप से दस्तावेज़ डिलीवर करते हैं, तो आपको डिलीवरी की दिनांक पर उचित रूप से तामील किया गया माना जाएगा, या यदि दस्तावेज़ आपको पोस्ट किए जाते हैं तो पोस्टिंग की दिनांक के बाद अगले दिन तामील किया गया माना जाएगा। तामील के इन दो (2) तरीकों के अलावा, हम कानून द्वारा अनुमत किसी अन्य तरीके से आपको तामील कर सकते हैं।

## 5.29 विविध

5.29.1 लागतों की वसूली

इस अनुबंध के नियमों और शर्तों के आपके उल्लंघन के परिणामस्वरूप या हमारे किसी भी अधिकार के हमारे प्रवर्तन से उत्पन्न होने वाली ऐसी कोई भी लागत, शुल्क या व्यय (कानूनी लागतों सहित) जो हमारे द्हवारा खर्च की जाती है, आपसे एक पूर्ण क्षतिपूर्ति (इन्डेम्निटी) के आधार पर हमारे द्वारा वसूलने योग्य होंगी।

5.29.2 विदेशी मुद्रा को शामिल करने वाले लेनदेन

यदि किसी कार्ड लेनदेन की मुद्रा उस मुद्रा से भिन्न है जिसमें आपका digiSavings बनाए रखा गया है, तो हम ऐसे लेनदेन को आपके खाते की मुद्रा या किसी अन्य मुद्रा में विनिमय की ऐसी दर (दरों) पर परिवर्तित करने के हक़दार होंगे जो हम निर्धारित कर सकते हैं; और Debit Card लेनदेन की राशि को आपके digiSavings में डेबिट कर सकते हैं। हम इन नियमों और शर्तों के तहत हमें देय सभी राशियों को आपके खाते में, लागू अनुसार, डेबिट कर सकते हैं, और इस उद्देश्य के लिए आपके खाते की मुद्रा में खर्च किए गए क्रेडिट और चार्जेज को विनिमय की ऐसी दर (दरों) पर परिवर्तित कर सकते हैं जो हम निर्धारित कर सकते हैं।

5.29.3 आपकी ओर से निर्देश

आपकी ओर से सभी अनुरोध या निर्देश digibank ऐप के माध्यम से अवश्य किए जाने चाहिए। यदि यह संभव नहीं है, तो इन्हें आपकी निकटतम DBS Bank शाखा में लिखित रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। हम इलेक्ट्रॉनिक मेल के माध्यम से आपके द्वारा दिए गए किसी भी निर्देश को, और टेलीफोन की स्थिति में, ऐसा निर्देश जो हमें लगता है कि आपके द्वारा दिया गया है, भले ही आपने वास्तव में ऐसे निर्देश नहीं दिए हों, स्वीकार करना चुन सकते हैं।

5.29.4 क्षतिपूर्ति (इन्डेम्निटी)

आप हमें किसी भी दायित्व, हानि, क्षति के खिलाफ क्षतिपूर्ति (इन्डेम्निफाई) करेंगे/गी, जिसमें सॉलिसिटर और क्लाइंट की लागतें और व्यय (कानूनी या अन्यथा) भी शामिल हैं, जो हमारे द्वारा Debit Card या इलेक्ट्रॉनिक सेवाएँ उपलब्ध कराने या आपके साथ इस अनुबंध को करने या इस अनुबंध के तहत हमारे अधिकारों को लागू करने या ऐसे किसी निर्देशों पर कार्रवाई करने में जो Debit Card या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के संबंध में आप दे सकते/ती हैं, या आपकी ओर से या आपके किसी एजेंट या प्रतिनिधि की ओर से की गई किसी भी लापरवाही, धोखाधड़ी और/या कदाचार या आपके द्वारा इस अनुबंध के उल्लंघन, Debit Card और/या PIN का कपटपूर्ण/अनधिकृत/डुप्लिकेट/ग़लत उपयोग/दुरुपयोग की वजह से, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, हमें सहनी या उठानी पड़ सकते हैं।

5.29.5 नियम और शर्तें

इस अनुबंध के अलावा, Debit Card और/या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं का उपयोग खातों को नियंत्रित करने वाले हमारे प्रचलित नियमों और शर्तों के अधीन भी है। यदि इस अनुबंध और खातों को नियंत्रित करने वाले नियमों और शर्तों के बीच कोई विरोध या असंगति है, तो यह तय करना बैंक के विवेक पर होगा कि क्या दोनों में से किसी भी समझौते की शर्तें लागू होंगी।

5.29.6 पृथक्करणीयता

यदि इस अनुबंध की कोई शर्त किसी भी लागू कानून के तहत गैरकानूनी या अप्रवर्तनीय है, तो इसे, ऐसे कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, इस अनुबंध से पृथक कर दिया जाएगा और इस अनुबंध की अन्य शर्तों को संशोधित किए बिना जहाँ संभव हो अप्रभावी कर दिया जाएगा।

5.29.7 कोई अधित्याग नहीं

हमारी इस अनुबंध के तहत किसी भी अधिकार या उपाय का उपयोग करने में न तो कोई विफलता, न ही उपयोग करने में कोई विलंब, उसके अधित्याग के रूप में काम करेगा, और न ही किसी भी अधिकार या उपाय का कोई एकल या आंशिक उपयोग उसके आगे के या अन्य उपयोग को या किसी अन्य अधिकार या उपाय को रोकेगा। इस अनुबंध में हमारे अधिकार और उपाय कानून द्वारा प्रदान किए गए किसी भी अन्य अधिकार या उपचार के संचयी हैं और न कि अनन्य।

5.29.8 इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन/Debit Card को नियंत्रित करने वाले नियम और शर्तें

आपके अनुरोध पर, हम आपको एक भौतिक Debit Card जारी कर सकते हैं, जो आपके जोखिम पर, आपको किसी भी साधन द्वारा भेजा जा सकता है। अभी तक, PIN को digibank ऐप के भीतर उत्पन्न किया जा सकता है।

ऊपर संदर्भित किसी भी घटना के घटित होने के बाद, हम अपने विवेक पर इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के लिए प्रचलित नियमों और शर्तों पर एक प्रतिस्थापन PIN और/या भौतिक Debit Card जारी कर सकते हैं और एक प्रतिस्थापन शुल्क चार्ज कर सकते हैं। इस समय, PIN को digibank ऐप के भीतर से जनरेट किया जा सकता है।

5.29.9 इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं का उपयोग

हम और/या प्रतिभागी आपको कोई सूचना दिए बिना किसी भी समय

a. इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के उपयोग की बारंबारता और तरीके, लेन-देन की सीमाओं, संचालन के घंटों, इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं के प्रकार को निर्धारित और उनमें घटबढ़ कर सकते हैं या
b. किसी भी प्रतिभागी को जोड़ या हटा सकते हैं। आप अपने प्राधिकार, ज्ञान या सहमति के साथ या बिना किसी भी व्यक्ति द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के उपयोग या अभिप्राय वाले उपयोग के सभी लेनदेनों के लिए उत्तरदायी होंगे/गी, और ऐसे किसी भी उपयोग या अभिप्राय वाले उपयोग के संबंध में हमारे विरुद्ध दावा नहीं कर सकते/ती हैं।

हम और/या प्रतिभागी किसी भी समय, इसके लिए आपको कोई सूचना दिए बिना और कोई कारण बताए बिना, और आपको या किसी तीसरे पक्ष को हुई किसी भी असुविधा, हानि, क्षति या चोट के लिए दायित्व के बिना:

a. किसी भी या सभी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं को सीमित, निलंबित या समाप्त कर सकते हैं; या
b. किसी भी लेन-देन को अस्वीकार कर सकते हैं या ऐसी शर्तों के अधीन लेन-देन की अनुमति दे सकते हैं जिन्हें हम उचित समझते हैं; या
c. इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं का उपयोग करने के आपके, या किसी भी प्रयोक्ता के अधिकार और प्राधिकार को रद्द या निलंबित कर सकते हैं; या
d. किसी भी Debit Card और/या PIN को बनाए रहने दे या अस्वीकार कर सकते हैं।

किसी प्रतिभागी के विरुद्ध कोई भी दावे या उसके साथ विवाद आपके और प्रतिभागी के बीच निपटाए जाने हैं। इस संबंध में आप हमारे विरुद्ध दावा नहीं करेंगे/गी।

Visa Virtual International Debit Card/digiSavings के मामले में, इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के माध्यम से जमा की गई नकदी और चेक (हाउस चेक सहित) की आय को तब तक आहरित नहीं लिया जा सकता है जब तक कि हमारे द्वारा एकत्र और सत्यापित नहीं किया जाता है। जमा की गई राशि का हमारा निर्धारण आपके लिए निर्णायक और आप पर बाध्यकारी होगा।

5.29.10 भुगतान, चार्जे, शुल्क, लागतें और कर

आप इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के प्रावधान के लिए ऐसे चार्जेज और शुल्कों का भुगतान करेंगे/गी जो हम समय-समय पर निर्धारित कर सकते हैं, चाहे आप वास्तव में ऐसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं का उपयोग करें या नहीं। हम इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के प्रावधान और/या उपयोग (अधिकृत या अनधिकृत) के लिए सभी चार्जेज, शुल्कों, आहरणों और भुगतानों और प्रावधान और/या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं का उपयोग के परिणामस्वरूप हमारे लिए किन्हीं भी अन्य देनदारियों, और हमें हुई हानि के लिए आपके खाते को डेबिट करने के लिए प्राधिकृत हैं। यदि खाते में धन के भुगतान के किसी अनुरोध को पूरा करने के लिए या किसी देनदारी को पूरा करने के लिए अपर्याप्त कोष उपलब्ध है, तो ऐसे भुगतान या दायित्व को पूरा करने के लिए हम आपको क्रेडिट प्रदान कर सकते हैं (लेकिन बाध्य नहीं हैं)। आप हमारे द्वारा निर्धारित दरों या राशियों पर ब्याज और चार्जेज का भुगतान करने का वचन देते/ती हैं। जहाँ किसी लेन-देन के लिए, या किसी लेन-देन के संबंध में किसी भी खाते को डेबिट या क्रेडिट करने के लिए, एक मुद्रा को दूसरी मुद्रा में रूपांतरित करने की आवश्यकता होती है, वहाँ हम ऐसे रूपांतरणों को हमारे और/या प्रतिभागियों द्वारा निर्धारित दर पर अमल में लाने के लिए अधिकृत हैं। यदि किसी भुगतान पर GST चार्ज किया जाता है, तो आप देय सभी राशियों के

अतिरिक्त इस तरह के GST का भुगतान करेंगे/गी और ऐसे किसी भी भुगतान के लिए हमें क्षतिपूर्ति (इन्डेम्निफाई) करेंगे/गी जिसे GST के संबंध में हमें एकत्र करने और भुगतान करने की कानूनन आवश्यकता है। हम इस तरह के GST के लिए खाते को डेबिट कर सकते हैं, जिसमें उसी तरीके से देय डिफ़ॉल्ट ब्याज जैसा कि इस अनुबंध में या क्रेडिट सुविधाओं के लिए किसी भी अन्य संबंधित अनुबंध में प्रदान किया जा सकता है, और/या कोई अन्य चार्जेज, जो हम समय-समय पर निर्धारित कर सकते हैं शामिल है, भले ही इस तरह के डेबिट करने के परिणामस्वरूप खाता अतिआहरित हो जाए।

5.29.11 दायित्व

इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के उपयोग से और उसके संबंध में उत्पन्न होने वाली आपको या किसी तीसरे पक्षकार को हुई किसी भी हानि के लिए हमें उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा, सिवाय इसके कि जहाँ हमारी लापरवाही या जानबूझकर की गई चूक को ऐसी हानि का श्रेय दिया जाता है। न तो हम और न ही प्रतिभागी आपको या किसी तीसरे पक्ष को होने वाली किसी भी असुविधा, हानि, क्षति या चोट के लिए उत्तरदायी होंगे जो निम्नलिखित से या के कारण उत्पन्न होती है:

a. आपके द्वारा या किसी प्रयोक्ता द्वारा दिए गए या दिए जाने के अभिप्राय वाले इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं से संबंधित किसी भी निर्देश का हमारा अनुपालन, बावजूद इसके कि हो सकता है कि इस तरह के निर्देश में समाविष्ट जानकारी की ईमानदारी से समझौता किया गया हो या संचरण के दौरान विकृत हो गई हो, बशर्ते कि ऐसा समझौता या विकृति इस तरह का निर्देश प्राप्त करने वाले किसी उचित व्यक्ति को स्पष्ट नहीं हुई होगी।
b. हमारे और/या किसी प्रतिभागी के द्वारा की गई किसी कार्रवाई के परिणामस्वरूप आपका किसी इलेक्ट्रॉनिक सेवा के उपयोग से वंचित होना; या
c. सिस्टम मेंटेनेंस या ब्रेकडाउन/किसी नेटवर्क की उपलब्धता नहीं होने के कारण किसी इलेक्ट्रॉनिक सेवा का उपलब्ध नहीं होना; या
d. हमारे और/या किसी भी प्रतिभागी द्वारा किसी भी दायित्व को पूरा करने में या इस अनुबंध की किसी भी शर्त का पालन करने में विफलता, यदि ऐसी विफलता किसी मशीन, डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम या ट्रांसमिशन लिंक की विफलता, या उस तक किसी अनधिकृत और/या अवैध पहुँच, प्राकृतिक आपदा के कार्य जैसे कि दैवी विधान, युद्ध या युद्ध जैसी शत्रुताओं, नागरिक हंगामे, दंगों, नाकेबंदियों, अधिरोधों, तोड़फोड़, हड़तालों, तालाबंदियों, आग, बाढ़, सामग्री या श्रम की कमी, उप-संविदाकारों से डिलीवरीज में विलंब या हमारे नियंत्रण से बाहर की किसी घटना से उत्पन्न होती है; या
e. उपकरण या सॉफ़्टवेयर के किसी प्रदाता, किसी सेवा प्रदाता, किसी नेटवर्क प्रदाता (जिसमें दूरसंचार प्रदाता, इंटरनेट ब्राउज़र प्रदाता और इंटरनेट एक्सेस प्रदाता शामिल हैं, किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं), किसी प्रतिभागी, या पूर्वगामी में से किसी का कोई एजेंट या उपसंविदाकार।
f. जिस देश में Debit Card जारी किया गया था, उसके अलावा किसी अन्य देश में ATM सेवाओं की अनुपलब्धता। यह यह उक्त देश में लागू स्थानीय विनियमों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।

g. किसी भी इलेक्ट्रॉनिक सेवा से डेटा की कोई भी डाउनलोडिंग पूरी तरह से आपके जोखिम पर की जाती है, और हम किसी भी तरह से डाउनलोड किए गए किसी भी डेटा की ईमानदारी या उपयोग के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
h. इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के प्रावधान और/या उपयोग से किसी भी तरीके से उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, विशेष या परिणामी, आर्थिक या अन्य क्षतियों के लिए न तो हम और न ही कोई प्रतिभागी उत्तरदायी होगा।

5.29.12 लेन-देन के रिकॉर्ड्स

संगणना और/या स्पष्ट त्रुटि के मामले को छोड़कर, हमारे और प्रतिभागियों के लेन-देन के रिकॉर्ड्स आपके विरुद्ध निर्णायक और आप पर बाध्यकारी होंगे।

5.29.13 प्रविष्टियों का उलटाव

यदि आपके द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के आपके उपयोग या अभिप्राय वाले उपयोग के परिणामस्वरूप कोई भुगतान किया गया है:

a. और परिणामस्वरूप खाते को डेबिट किया गया था, किन्तु डेबिट को ग़लती में उलट दिया गया था या खाते को बिल्कुल भी डेबिट नहीं किया गया था; या
b. खाते पर कोई भुगतान निर्देश दिए जाने के बाद लेकिन इससे पहले कि इस तरह के भुगतान निर्देश का सम्मान किया गया है,

तब हमारे द्वारा भुगतान की गई राशि से खाते को डेबिट करके हम खाते को सही करने के हकदार होंगे।

5.29.14 आपकी ओर से निर्देश

सभी अनुरोध या निर्देश digibank ऐप के भीतर रखे जा सकते हैं। हम इलेक्ट्रॉनिक मेल के माध्यम से आपके द्वारा दिए गए किसी भी निर्देश को, और टेलीफोन की स्थिति में, ऐसा निर्देश जो हमें लगता है कि आपके द्वारा दिया गया है, भले ही आपने वास्तव में ऐसे निर्देश नहीं दिए हों, स्वीकार करना चुन सकते हैं। कोई भी गैर-लिखित निर्देश हमें आपके जोखिम पर दिया जाएगा और आपको होने वाली किसी भी हानि या क्षति के लिए हम उत्तरदायी नहीं होंगे।

5.29.15 इन नियमों और शर्तों के प्रावधान अभिभावी होंगे

इन नियमों और शर्तों के प्रावधान किसी भी खाते (खातों) या इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के संबंध में हमारे साथ किए गए किसी भी अनुबंध, हमारे और आपके बीच किसी अन्य अनुबंध(धों) या ऐसे अनुबंध(धों) के तहत उत्पन्न होने वाले हमारे किसी भी अधिकार के प्रावधानों के पूरक होंगे और उन्हें प्रतिस्थापित नहीं करेंगे। यदि इन नियमों और शर्तों के प्रावधानों और इन नियमों और शर्तों के तहत कवर्ड विषय पर ऐसे किसी अन्य अनुबंध के प्रावधानों में टकराव होता है, तो इन नियमों और शर्तों के प्रावधान अभिभावी होंगे।

5.29.16 अतिरिक्त लाभ, सेवाएँ या कार्यक्रम

हम आपके Debit Card के उपयोग के संबंध में एकमात्र अपने विवेकाधिकार पर, अतिरिक्त सेवाओं, लाभों या कार्यक्रमों को प्रदान कर सकते हैं। ऐसी अतिरिक्त सेवाएँ जहाँ प्रदान की जाती हैं, आपके साथ हमारे कानूनी संबंधों

का हिस्सा नहीं बनती हैं और हम आपको सूचित किए बिना किसी भी समय इन सेवाओं को वापस ले सकते हैं या बदल सकते हैं। ये अतिरिक्त सेवाओं के लाभ या कार्यक्रम उनके अपने नियमों और शर्तों के अधीन हो सकते हैं।

5.29.17 अधिकारों का प्रयोग करने में विलंब या विफलता

इस अनुबंध के तहत हमारे अधिकारों और/या उपायों का प्रयोग करने में हमारे द्वारा कोई भी विलंब या विफलता हमारे किसी अधिकार के अधित्याग का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। यह माना जाएगा कि हमने अपने अधिकारों को केवल तभी अधित्याग किया है जब हम आपको लिखित रूप में इस तरह के अधित्याग के बारे में विशेष रूप से अधिसूचित करते हैं।

5.29.18 शासी कानून

ये नियम और शर्तें भारतीय कानून के अधीन हैं और आप एतद्द्वारा भारत में मुंबई के न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के प्रति समर्पित होते/ती हैं।